26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 23 जून, 2026

अंक- 239 | मूल्य दो रुपये | पृष्ठ 16

# लखनऊ अग्निकांड : जांच के लिए पहुंची एसआईटी

## फोरेंसिक के सदस्यों ने सील की इमारत, जांच शुरू

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** लखनऊ अग्निकांड की जांच शुरू हो चुकी है। घटना के बाद आज एसआईटी के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी है। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए पूरी इमारत को सील कर दिया है। टीम अंदर से सबूत जुटा रही है। अभी भी यह पूरी तरह से आधिकारिक तौर पर साफ नहीं हो पाया है कि यह हादसा कैसे हुआ। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह एसी के फटने से हुई है।



इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगंज अग्निकांड को लेकर देर रात उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें दोषियों को चिह्नित करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। वहीं, अलीगंज थाने में छह लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीएम के निर्देश पर गठित एसआईटी में संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात और लखनऊ के एडीजी जोन प्रवीण कुमार सदस्य हैं। जांच दल सात दिन में रिपोर्ट सीएम को सौंपेगा। वहीं, मुख्यमंत्री के निर्देश पर चार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए गौरव कुमार, एक्सेन कलेक्शन (बिजली विभाग) जानकीपुरम, कमलेंद्र कुमार सिंह, एफएसएसओ (फायर विभाग) इंदिरा नगर, अनिल कुमार, एई, एलडीए और प्रमोद पांडे, जेई–एलडीए के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# राम मंदिर चंदा चोरी : किसी को क्लीन चिट नहीं

## कई पर केस दर्ज करने की सिफारिश

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। अयोध्या में राम मंदिर चंदा चोरी के मामले में एसआईटी ने शुरुआती जांच रिपोर्ट गृह सचिव संजय प्रसाद को सौंप दी है। विजय विश्वास पंत, आयुक्त लखनऊ मंडल ने दोनों सदस्यों के साथ अयोध्या प्रकरण की कथित दान चोरी की प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। जांच की कार्यवाही अभी जारी है। अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने इस रिपोर्ट को गोपनीय बताया। गृह सचिव को रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ये शासन की बनाई गई तीन सदस्यीय एसआईटी कैमिटी की रिपोर्ट है, जो अपर गृह सचिव को सौंपी गई।



उन्होंने आगे कहा, ये एक प्रारंभिक प्रतिवेदन है और इसे हमने सौंप दिया है। ये गोपनीय जांच है और इस समय पर इस बारे में हम ज्यादा नहीं बता सकते। हमारी जो भी जांच थी, हमने उपलब्ध करा दी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या राम मंदिर में मिले दान के गलत इस्तेमाल के आरोपों के बाद मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर 13 जून को एसआईटी बनाई थी। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में दान राशि की गणना और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। एसआईटी ने दान की गिनती की प्रक्रिया में संभावित खामियों और गड़बड़ियों का जिक्र किया है। एसआईटी की रिपोर्ट में अभी तक किसी भी व्यक्ति को क्लीन चिट नहीं दी गई है। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद अब शासन स्तर पर आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। जांच के दौरान गणना कर्मियों के चयन की प्रक्रिया की भी पड़ताल की गई है।




## सूचना

किराये के लिये मकान खाली है। फ्रंट 20 फिट, कुल क्षेत्रफल 2,300 वर्ग फिट संपर्क करें- 9837603522

लोकेशन – नगीना रोड पर सुभाषनगर, नजीबाबाद में

## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो-8191819148



# ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल लगातार आयोजित कर रहे जन चौपाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा ग्राम पंचायतों में पिछले पांच दिनों से लगातार जन चौपाल आयोजित की जा रही हैं। उनका कहना है कि ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन चौपाल आयोजित होने तक यह क्रम जारी रहेगा।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि विकास खंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यों के सत्यापन हेतु एवं केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनचौपाल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जनचौपालों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर उनका समाधान भी कराया जायेगा। विगत रात्रि 5 वीं जनचौपाल ग्राम पंचायत महावतपुर बिल्लौच में आयोजित की गई। ब्लॉक प्रमुख ने जनचौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार आज तक की सबसे लोकप्रिय और सर्वाधिक विकास कार्य कराने वाली सरकार है।



नारायणपुर रतन में जनचौपाल को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल

उन्होने क्षेत्र पंचायत द्वारा बीते 5 वर्ष के दौरान ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों पर भी चर्चा की तथा उपस्थित व्यक्तियों से कराये गये विकास कार्यों का अपने - अपने नजरिये से आंकलन करने का आग्रह किया। उपस्थित व्यक्तियों ने 5 वर्षों में कराये गये विकास कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी गति से विकास कार्य कराने का आग्रह किया। मुख्य रूप से बिजली की समस्या , गांव में प्रवेश करने से पूर्व अत्यन्त क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या , गांव के दूसरे मुख्य रास्ते पर खड़ंजा अपूर्ण होने की समस्या, एक स्थान पर नाला निर्माण न होने से जलभराव की समस्या सामने रखी गई। ब्लॉक प्रमुख ने जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। कुंवर रविन्द्रपाल सिंह की अध्यक्षता तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश चौहान के संचालन में आयोजित जनचौपाल में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इससे पूर्व जटपुरा बौंडा , नारायणपुर रतन , मंडावली तथा मुस्सेपुर में जनचौपाल आयोजित की जा चुकी हैं।

## निर्मला गोकुल सिंह में योगाभ्यास कराया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, कोटद्वार मार्ग में 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 एलएस बिष्ट (क्षेत्रीय मंत्री विद्या भारती पश्चिमी क्षेत्र), पंकज अग्रवाल (प्रबन्धक), पूरन सिंह भण्डारी (उपाध्यक्ष), कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष), प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह, विशम्बर सिंह (समाजसेवी) आदि के साथ सभी आचार्य बन्धु- बहिनों एवं उपस्थित भैया-बहिनों एवं अभिभावकों ने योगाभ्यास किया। आचार्य अनन्त कुमार के नेतृत्व में सभी लोगों ने विभिन्न प्रकार के योगासनों का विधिवत् रूप से अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ0 एलएस बिष्ट ने कहा कि योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ तथा निरोगी रहता है। हमें योग को अपनी दिनचर्या में नियमित रूप से सम्मिलित करना चाहिए। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने सभी अतिथि गणों तथा अभिभावक बन्धु-बहिनों का आभार व्यक्त किया।

# हर्सवाड़ा में अध्ययन केंद्र का शुभारंभ

## सभी सुविधाओं से लैस है सनराइज स्टडी हब

नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्यार्थियों को शांत, अनुशासित एवं आधुनिक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कक्कू बिल्डिंग, ईदगाह रोड, हर्सवाड़ा, नजीबाबाद स्थित सनराइज़ स्टडी हब का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. शशि प्रभा ने फीता काट कर अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. अरुण देव एवं डॉ.सूर्यमणि रघुवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. शशि प्रभा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति है तथा विद्यार्थियों के लिए शांत एवं अनुशासित अध्ययन केंद्र समय की आवश्यकता है। उन्होंने सनराइज़ स्टडी हब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सनराइज़ स्टडी हब की संचालिकाओं मिस अली एवं मिस हुसैन ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को एकाग्रता एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए आधुनिक एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना है। संस्थान में हाई-स्पीड वाई-फाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की उपयोगी पुस्तकें, समाचार-पत्र तथा अन्य आवश्यक अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। समारोह में एडवोकेट शम्सुल इस्लाम, प्रोफेसर डॉ. अरुण देव, डॉ.सूर्यमणि रघुवंशी, आरिफ़ हुसैन, फ़िरोज़, खुर्शीद अहमद, राहुल कुमार, हर्ष, फ़िरोज़ आलम, गुलनाज़ , फ़लक नाज़ एवं अल्फ़िया जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सह-संचालिका एवं शायरा मिस हुसैन ने इल्म की अहमियत को अपने अशआर में यूं बयां किया—



**शम्मा जलती है तो परवाने चले आते हैं,**
**इल्म की शम्मा जले तो दीवाने चले आते हैं।**
**ख़ुशआमदीद है उन सबका जो इल्म से मोहब्बत रखते हैं,**
**आज इस नए सफ़र में हम सब क़दम से क़दम मिलाते हैं।**

## सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर समाधान कराया



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह ने यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को ग्राम भागूवाला, राजगढ़ पहुंचकर किसानों की समस्याओं को सुनकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान कराया। संगठन के प्रयासों से ग्राम रामदासवाली होते हुए सबलगढ़ मैंडियो की ओर जाने वाली नहर में पानी छुड़वाया गया, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। इस अवसर पर यूनियन के ब्लॉक उपाध्यक्ष पुनीत चैहान, ब्लॉक सचिव हिमांशु चैधरी एवं अतुल चैधरी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि किसान हित में संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। क्षेत्र के ग्रामीणों ने यूनियन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।


बिजनौर में खुल गया है
ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम



**अल्हैपुर/धामपुर ( चिंगारी )। स्योहारा रोड पर गांव हैजरी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर होने से एक युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।**

जानकारी के अनुसार हैजरी निवासी जितेंद्र कुमार (40 वर्ष) पुत्र कन्हैया सिंह वेंकटेश्वर गैस एजेंसी के गोदाम से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसने सड़क पार की, तभी धामपुर की ओर से जा रहा अज्ञात वाहन टक्कर मारता हुआ फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी बाइक चकनाचूर हो गयी और जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साये ग्रामीणों ने मृतक का शव,सड़क पर रख घंटों तक जाम लगाया। जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने ग्रामीण व परजनों को समझाकर जाम खुलवाया। जितेंद्र बैंकटेश्वर गैस एजेंसी पर सिलेंडर वितरण का कार्य करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# संगीता अग्रवाल ने की महिला जनसुनवाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती संगीता जैन अग्रवाल सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा दुष्यंत कुमार सभागार नजीबाबाद में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में लगभग 90 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। 35 शिकायती समस्याओं को प्रार्थना-पत्र के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य संगीता अग्रवाल द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये गये हैं। श्रीमती रविता राठी (डीएमसी), आशु सिंह, शुभम चौधरी,आरती त्रिवेदी, रूबी राजपूत द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है।

सदस्य संगीता जैन द्वारा ग्राम जालबपुर गुदड़ में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण व अन्नप्राशन किया गया। रामलीला मैदान नजीबाबाद में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, सीडीपीओ नजीबाबाद, महिला थाना बिजनौर, महिला थाना चांदपुर व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मजार से जुड़ी गतिविधियों की जांच के लिये एसडीएम को ज्ञापन दिया



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के कुछ लोगों ने उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर टीचर कॉलोनी स्थित नासिर बाबा की मजार और उससे जुड़ी गतिविधियों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजार के मुतवल्ली फिरासत हुसैन द्वारा कथित रूप से चंदा एकत्र कर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कराया गया है, जबकि इसके लिए आवश्यक अनुमति नहीं ली गई है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि मजार और मस्जिद से कुछ अनुचित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो सामाजिक सौहार्द के लिए नुकसानदेह हो सकती हैं। शिकायतकर्ताओं ने धर्मांतरण संबंधी गतिविधियां संचालित होने की आशंका भी जताई है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा नगर के सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखने की मांग की है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में चौधरी अरुण सहरावत, डॉ. एन.पी. सिंह, नितिन अग्रवाल, डॉ. हिमांशु दक्ष, आशीष सिसौदिया, नृपेन्द्र चौधरी, विपिन कुमार, देव गौड़, सचिन राजकुमार सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# ग्रामीण डाक सेवकों ने दिया ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज डाक अधीक्षक कार्यालय बिजनौर पर टारगेट के नाम पर ग्रामीण डाक सेवकों व अन्य कर्मचारियों के साथ हो रही कथित मानसिक आर्थिक प्रताड़ना के विरोध तथा अन्य मांगों को लेकर एक ज्ञापन पत्र भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा को दिया गया, जिसमें 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों को रखा गया तथा भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ द्वारा राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रूपरेखा को भी बताया गया। देवेंद्र दत्त शर्मा, विनोद चौहान, भूदेव सिंह, सिमरन चौधरी अरविंद कुमार शकील अहमद आदि कर्मचारी शामिल रहे।

Hero
बाइक बिकाऊ है
Hero



हीरो की सबसे दमदार बाइक
Mavrick 440cc
पुरानी बाइक शीघ्र बिकाऊ है।
मात्र 9 किलोमीटर चली हुई।

तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बगावत की बेला

आखिरकार शिवसेना उद्धव ठाकरे के छह सांसद शिंदे गुट में शामिल हो गये। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने बगावत कर एनडीए सरकार के समर्थन की घोषणा की थी। कहा जा रहा है कि अब समाजवादी पार्टी पर बिखराव की तलवार लटकी हुई है। हालांकि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव साफ-साफ कह चुके हैं कि जिसको जाना हो जाए, संघर्ष के रास्ते पर कायर नहीं चला करते। कुछ और क्षेत्रीय दलों में भी तोड़फोड़ की सुगबुगाहट हो रही है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के 7 में से 5 राज्यसभा सदस्य अपने उप-नेता राघव चड्ढा के नेतृत्व में पहले ही बगावत कर चुके थे, और अब पंजाब में आप विधायक दल में भी बगावत की खबरें आ रही हैं, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भले ही वर्तमान समय में आप विधायक दल में बगावत का कोई खास अर्थ न हो, पर यह चुनावी दृष्टिकोण से भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला हो सकता है। पंजाब में लंबे समय से अकाली दल-भाजपा गठबंधन बना हुआ था, जो कांग्रेस से मुकाबला करते हुए कई बार सत्ता में आ चुका था। लेकिन पिछले विधानसभा चुनावों से पहले नए कृषि कानूनों के मुद्दे पर अकाली दल ने भाजपा से अलग होने का निर्णय किया था, तब भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ा था तथा कांग्रेस में सांगठनिक टकराव के कारण पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह उससे अलग हो गए थे। आम आदमी पार्टी ने इस राजनीतिक खालीपन का लाभ उठाते हुए पंजाब की सत्ता पर प्रबल बहुमत से कब्जा कर लिया था तथा चुनावों में भाजपा, अकाली दल व कांग्रेस की करारी हार हुई थी। वर्तमान समय में कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में हैं, अकाली दल में नेतृत्व का अभाव है, कांग्रेस में भी नेतृत्व का संकट है तथा भाजपा अपने दम पर सारी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब की जनता के सामने अपील कर रही है कि उसने कांग्रेस, आप और अकाली दल का शासन देखा है तथा अब उसे भाजपा को एक मौका देना चाहिए। हालांकि हाल ही में हुए नगर निकायों के चुनाव में पंजाब के शहरी मतदाता भाजपा को करारा झटका दे चुके हैं। देखना होगा कि विधानसभा चुनाव में पंजाब के मतदाताओं का रुख क्या रहता है।

# एक अनैतिक समाज में सिर्फ़ सेलिब्रिटी ही ईमानदार कैसे होगा?



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

बंगाल चुनाव में टीएमसी हार गई। ममता अपनी सीट भी हार गई। पहले टीएमसी के 80 में से 60 विधायक टूटे, उनमें से कई मुसलमान भी थे। फिर 28 में से 20 सांसद टूटे, उनमें से 3 मुसलमान भी थे। उन तीन में एक क्रिकेटर यूसुफ़ पठान भी थे। कई दिन से सोशल मीडिया में सिर्फ़ यूसुफ़ पठान के विद्रोह की ही चर्चा चल रही है। सवाल यह है कि हिंदू विधायकों की चर्चा नहीं हो रही, मुस्लिम विधायकों की चर्चा नहीं हो रही, 17 हिंदू सांसदों की चर्चा नहीं हो रही, यहां तक कि बाक़ी दो मुस्लिम एमपी की भी चर्चा नहीं हो रही है। हंगामा अगर है तो केवल यूसुफ़ पठान पर, तो क्या सिर्फ सेलिब्रिटी को ही ईमानदार होना चाहिए, क्यों भाई? क्या बाक़ी को दलबदल करने का पहले से वरदान मिला हुआ था।

यहां यह साफ़ कर दें कि हम पठान के दल-बदल के पक्ष में नहीं हैं। उनको बंगाल के बहरामपुर से कांग्रेस के एकमात्र सांसद रहे सेक्युलर नेता अधीर रंजन चौधरी को हराने के लिये दीदी गुजरात से लाई थीं। यह सीट मुस्लिम बहुल थी सो वे आराम से जीत गए। उनको क्रिकेटर होने से खूब हिंदू वोट भी मिले थे। वे सेलिब्रिटी हैं तो उनको जो लोग अपना रोल मॉडल मानते हैं, उनको पठान ने क्या मैसेज दिया है? यह भी बहुत चिंता और दुख की बात है। हमारा कहना यह भी है कि बे ईमानी सिर्फ रुपए, पैसे की ही नहीं होती, अगर कोई बीजेपी, कांग्रेस के खिलाफ़ चुनाव लड़कर जीता है, खासतौर पर उस बीजेपी के खिलाफ़ जो हिन्दुओं की हमदर्द कम, मुसलमानों की विरोधी अधिक दिखती है। आखिर नैतिकता भी कोई चीज़ होती है। लेकिन पठान ने अपने निजी फायदे या डर के सामने उसे भी अपनी बिरादरी, मज़हब और पार्टी के मुकाबले ताख पर रख दिया है।



यह ठीक है कि पठान भी एक इंसान ही है और इंसान हिंदू हो या मुसलमान कभी भी बे ईमान हो ही सकता है। कुछ पैसे या प्रॉपर्टी के लिये ललचा ही सकता है। उनके घर के पास नगर निगम का लगभग एक हज़ार गज़ का बहुत महंगा और प्राइम लोकेशन का एक प्लॉट है। जो पठान को बहुत सस्ते में एलाट किया गया था। उनका आज भी उस पर कब्ज़ा है, लेकिन उस प्लॉट पर विवाद है। विवाद कोर्ट पहुंच गया। हाईकोर्ट ने उसे खाली करने के आदेश कर दिये। लेकिन पठान के टीएमसी छोड़ने, एनडीए को सपोर्ट करने वाली एनसीपी ऑफ इंडिया में जाने और बीजेपी के बड़े नेताओं से संपर्क करने के बाद उनसे इस बेशकीमती प्लॉट को खाली कराने में निगम अब शांत हो गया है। शायद कल मामला सुप्रीम कोर्ट जाए, तो निगम स्टे का भी विरोध न करे और फिर आगे सत्ता के इशारे पर केस की पैरवी भी ठीक से नहीं करे। इस तरह यह प्लॉट पठान का ही बना रहेगा।

यह तो हुई प्लॉट की वह बात जो पब्लिक डोमेन में आ चुकी है। इसके अलावा भी बीजेपी और पठान के बीच हो सकता है कोई बड़ी लेनदेन की डील हुई हो। यह भी हो सकता है उनको पुलिस ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स और कुछ दूसरी एजेंसियों का डर भी सता रहा हो। वह भी इसी देश, इसी समाज और इसी घटिया सियासत के दौर में रहते हैं तो आम इंसान की कमज़ोरी, बुराई और बे ईमानी उनमें क्यों नहीं आएगी? इस दौरान ख़बर यह भी आ रही है कि एक बार जब पठान टीएमसी में ही थे और संसद में एसआईआर का विपक्ष के साथ मिलकर ज़ोरदार विरोध कर रहे थे, तब उनको मुसलमानों के एक तथाकथित मसीहा ने मैसेज भेजा था कि वे बीजेपी का इतनी आक्रामकता व बढ़-चढ़कर विरोध नहीं करें, वरना उनके घर पर गुजरात में बुलडोजर चल सकता है। यह बात कश्मीर के एक मुस्लिम एमपी ने खुद मौके पर सुनी और मीडिया को बताई है। इतना ही नहीं चर्चा यह भी है कि बीजेपी की बी टीम के मुखिया के इस मैसेज से पठान इतना डर गए कि वे तत्काल विरोध प्रदर्शन छोड़ अपनी सीट पर जाकर चुपचाप बैठ गए। इसके बाद वे कभी बीजेपी के खिलाफ़ विपक्ष के साथ खुलकर नहीं खड़े हुए। हो सकता है अब उनका दलबदल भी उसी डर, लालच या किसी बड़ी डील का हिस्सा हो, लेकिन असली सवाल यह है जिनको हम सेलिब्रिटी पठान और मुसलमान के तौर पर जानते हैं, केवल उनसे ही ईमानदार, बहादुर और निस्वार्थ होने की उम्मीद क्यों कर रहे हैं, बाक़ी मुसलमानों और हिंदू विधायकों, सांसदों को क्या बे ईमानी का लाइसेंस मिला हुआ है? यह भी हो सकता है वे आज़म ख़ान, उमर खालिद, नवाब मलिक जैसे मुस्लिम लीडर्स का हश्र देखकर और इनकी पार्टियों के मुख्याओं का उनके हाल पर छोड़ देने का बेरहम रुख देखकर भी घबरा गए हों, क्योंकि क्रिकेटर होना और संघर्ष की भावना होना दोनों अलग- अलग बात होती है। इससे एक झूठ और खुल गया है, वह यह कि मुसलमानों का नेतृत्व कोई मुसलमान ही ठीक से कर सकता है, बल्कि सच यह है उसका धर्म, जाति, पार्टी कोई भी हो, अगर कोई इंसान उसूल वाला सच्चा, निस्वार्थ, निडर, ईमानदार, चरित्रवान, नैतिक और अच्छा इंसान है, तो वह सब भारतीयों का ही नेतृत्व बेहतर करेगा।

# 3031 गज भूमि के दस्तावेज डीएम को सौंपने का दावा

**मजार प्रकरण में प्रेस वार्ता कर विवेक सेन ने रखा**

**निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो अदालत जाने की दी चेतावनी**

**धामपुर( चिंगारी )।** नगर के बहुचर्चित मजार प्रकरण को लेकर सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने आज अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर मजार का पक्ष रखा।

विवेक सेन ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं द्वारा मामले को लेकर भ्रामक बयान दिए जा रहे हैं और प्रशासन को गलत जानकारी देकर गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा कि बिना समुचित जांच और रिपोर्ट के प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्रवाई की गई, जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। विवेक सेन ने दावा किया कि मजार से संबंधित कुल 3031 वर्ग गज भूमि के दस्तावेज जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि वर्तमान में मौके पर लगभग 2700 वर्ग गज भूमि ही शेष दिखाई दे रही है।

उन्होंने बताया कि भूमि से संबंधित एक अन्य खसरा नंबर की भी तलाश की जा रही है। यदि वह अभिलेख



मिल जाता है तो मजार की कुल भूमि लगभग चार बीघा तक पहुंच सकती है। उनका दावा है कि उपलब्ध नक्शों और राजस्व अभिलेखों में कहीं भी आम रास्ता दर्ज नहीं है और इस तथ्य की जांच किए बिना कार्रवाई की गई।

विवेक सेन ने कहा कि कुछ लोग इस पूरे मामले को सांप्रदायिक रंग देकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि विवाद का समाधान दस्तावेजों और कानून के आधार पर होना चाहिए। विवेक सेन ने बताया कि भूमि से जुड़े पुराने रिकॉर्ड में उनके पूर्वजों के नाम दर्ज रहे हैं और समय-समय पर उनके उत्तराधिकारियों के नाम भी अभिलेखों में शामिल होते रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन एक सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कर संतोषजनक कार्रवाई नहीं करता है तो मजार पक्ष न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान नासिर बाबा मजार के खादिम फिरासत हुसैन भी मौजूद रहे। उन्होंने भी मजार से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर निष्पक्ष निर्णय लेने की मांग की।

# अगला नंबर किसका है ?

कल लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड की आग ने पूरे देश की अंतरात्मा को झुलसा दिया। ऐसा नहीं है कि ये पहली बार हुआ। कुछ समय पूर्व भी मालवीयनगर होटल और तुगलकाबाद एक्सटेंशन दिल्ली, कोटा सिटी मॉल और लखनऊ की ही विकासनगर की झुग्गी बस्ती में ऐसी घटनाएं घटित हुई थीं।

किन्तु, हमने उनसे क्या सबक लिया ?

ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति क्यों हो रही है ?

दोषियों के विरुद्ध सरकार ने क्या ठोस कार्यवाही की ?

क्या इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर हैं हमारे पास ?

शायद नहीं ! क्योंकि आज भी इस उपभोक्तावादी व्यवस्था में श्वापुश सारे नियमों से बड़ा नज़र आते हैं। जब तक नैतिक मूल्यों को दरकिनार कर केवल मुनाफे को तवज्जो दी जाएगी, तब तक व्यवस्था की बड़ी से बड़ी जानलेवा कमियां भी रसूख के चश्मे से खूबियों में तब्दील होती रहेंगी।

यदि इन हादसों की पृष्ठभूमि और घटनाक्रम पर गंभीर दृष्टि डाली जाए, तो एक चिंताजनक तथ्य सामने आता है। दुर्घटनाग्रस्त स्थलों पर या तो अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक अनुमतियां (फायर एनओसी) मौजूद नहीं होती अथवा जमीनी हकीकत देखे बिना ही टेबल के नीचे से एनओसी की रेवड़ियां बांट दी जाती हैं। संकरी गलियों और कम जगह को स्पेस मैनेजमेंट का फैंसी नाम देकर सुरक्षा मानकों की सरेआम खानापूर्ति कर दी जाती है।

दुर्भाग्य यह भी है कि हमारा समाज और तंत्र दोनों ही



मानो शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस के शिकार हो चुके हैं। जब तक हादसा सुर्खियों में रहता है, तब तक सीलिंग, जांच और धरपकड़ का नाटक चलता है। जैसे ही शोर थमता है, सब कुछ फिर से यथावत हो जाता है।

विडंबना देखिए कि हादसों के बाद रस्म-अदायगी के नाम पर कुछ तात्कालिक और प्रतीकात्मक कार्यवाहियां तो होती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस रहती है। जब तक मामला अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचता है, तब तक लंबी कानूनी प्रक्रियाओं, तकनीकी दांव-पेचों और रसूखदार पैरवी के सहारे मुख्य दोषी कानून की कमियों का लाभ उठा लेते हैं। परिणामस्वरूप कोई ऐसा कठोर और उदाहरण प्रस्तुत करने वाला ढांचागत सुधार सामने नहीं आ पाता, जो भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोक सके।

जब तक नियमों का पालन कराने वालों और उल्लंघन करने वाले दोनों को यह एहसास नहीं होगा कि उनकी एक छोटी सी लापरवाही किसी का हंसता-खेलता परिवार उजाड़ सकती है, तब तक ये सवाल ऐसे ही सुलगते रहेंगे और निर्दोष लोग इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाते रहेंगे। आखिर कब तक हर हादसे के बाद मोमबत्तियां जलती रहेंगी, जांच समितियां बनती रहेंगी और जिम्मेदारियां एक-दूसरे पर टाली जाती रहेंगी ?

यदि सचमुच बदलाव चाहिए, तो केवल शोक और संवेदना नहीं, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और कठोर अनुपालन की संस्कृति विकसित करनी होगी। अन्यथा अग्निकांड के स्थान बदलते रहेंगे, लेकिन उनसे उठने वाले सवाल कभी नहीं।

**-विभोर अग्रवाल, धामपुर**

## लखनऊ अग्निकांड : लापरवाही, लपटें और सिसकते परिवार

लखनऊ के अलीगंज इलाके में हुए भीषण अग्निकांड ने एक बार फिर शहरी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। कोचिंग सेंटर और व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़ी एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में कई जिंदगियां निगल लीं। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर छात्र थे, जबकि कई लोग घायल हुए। आग लगने के बाद इमारत के भीतर अफरातफरी मच गई और बाहर निकलने का रास्ता लगभग बंद हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, लेकिन असली सवाल सिर्फ कारण का नहीं, बल्कि तैयारी का भी है। इमारत में आपात निकास की कमी, सुरक्षा उपकरणों का अभाव और मुख्य द्वार के लॉक हो जाने जैसी बातें इस त्रासदी को और भयावह बनाती हैं। दमकल, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने तेजी से बचाव अभियान चलाया, दीवार तोड़कर लोगों को निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे के बाद प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। एसआईटी गठित की गई है और कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई भी हुई है। भवन मालिक और संबंधित जिम्मेदारों पर भी कानूनी शिकंजा कसना शुरू हुआ है। लेकिन हर जांच के साथ यह सवाल और गहरा होता जा रहा है कि नियमों के उल्लंघन पर समय रहते रोक क्यों नहीं लगती ? यह अग्निकांड केवल एक इमारत की दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था की चूक, निगरानी की विफलता और जवाबदेही की कमी का दर्दनाक उदाहरण है। लखनऊ के इस दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। अब जरूरत सिर्फ शोक संवेदना जताने की नहीं, बल्कि ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाने की है।

**-सत्यवीर सिंह, सुआवाला**

## सभासद शिवम अग्रवाल ने रोड का निरीक्षण किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद के सभासद शिवम अग्रवाल ने मकबरा दक्षिण में वार्ड नम्बर-9 व 10 में रोड की लम्बाई व चौड़ाई की नपाई कराई। साथ ही नगर पालिका की टीम के साथ सड़क व नाली का निरीक्षण किया। सभासद ने वार्डवासियों की समस्या के हल की बात कही। इस मौके पर नगर पालिका के पवन कुमार, वार्डवासी चन्दपाल प्रजापति, गंगाराम, विनोद प्रजापति, गोविंद, दिनेश, दीपक, अमित, रोहित आदि मौजूद रहे।**



## साक्षी रस्तौगी को मिला योग वीर सम्मान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन व अग्रवाल महिला सभा के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन आर्य समाज किरतपुर में किया गया, जिसमें सर्व समाज की महिलाओं ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक साक्षी रस्तौगी ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम का अभ्यास कराकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया। महिला जिलाध्यक्ष रितु अग्रवाल ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा वर्तमान समय में बढ़ते तनाव से मुक्ति पाने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने जीवन में योग अपनाने की अपील की। योग शिविर आयोजकों ने योग प्रशिक्षक साक्षी रस्तौगी का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें योग वीर सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर रितु अग्रवाल, चारु, बबिता अग्रवाल, नीति अग्रवाल, रेणुका गोयल, शिखा, कविता, अनु, शिल्पी, कुमकुम अग्रवाल, बीना राणा, रजनी कालरा, कविता चौहान आदि महिलाओं ने योग शिविर का लाभ लिया।

## पीड़ित परिवार ने भाजपा नेता से न्याय की गुहार लगाई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा निकट टैम्पू अड्डा निवासी श्रीमती उजमा परवीन पुत्री जमीर अहमद ने अपने परिवार के साथ भाजपा नेता लवी अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें एक प्रार्थना-पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया है कि उजमा परवीन के ससुरालीजन काफी समय से उसका उत्पीड़न कर रहे है। उन्होंने थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी, मगर पुलिस ने आज तक उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़िता ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। जिस पर लवी अग्रवाल ने तुरंत सीओ आकांक्षा गौतम से मोबाइल पर बात कर पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कराने की अपील की। सीओ ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर विहिप के नेता दिनेश खन्ना, सभासद शिवम अग्रवाल, विक्रांत राजपूत, लक्ष्मण सिंह, इंतजार अहमद, समीर अहमद, शरीफ अहमद आदि मौजूद रहे।



आज का विचार

## शून्य पथ के राही



**-सत्यराज**

उम्र के सातवें दशक को पार करने वाला आदमी हर दिन और अकेला होता जाता है। उम्र के संदर्भ में तो यह स्वाभाविक भी है, लेकिन अपना संदर्भ लें तो सबके अपने-अपने अकेलेपन हैं। यह अकेलापन अक्सर गूंगा ही रहता है और शायद बिना बोले मर भी जाता होगा। इस अकेलेपन को जी रहा आदमी, एक शून्य पथ के राही की तरह हो जाता है। पीछे मुड़कर देखता है तो उसने अपनी बाल अवस्था में बचपन का रोमांच भोगा। युवावस्था में नौकरी या कारोबार का संघर्ष, शादी के रूप में पत्नी के साथ तिलस्मी जिंदगी, बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी और इसके बाद 60 वर्ष की उम्र तक पहुंचकर सीनियर सिटीजन का तमगा मिल जाता है। 60 वर्ष का होने से ठीक एक दिन पहले यह आदमी ऊर्जा से भरपूर कार्य करता रहता है, लेकिन 60 वर्ष का होते ही एक दिन में इतना परिवर्तन कैसे हो जाता है। कल का ऊर्जावान आदमी आज स्वयं ही ऊर्जाविहीन सा महसूस करने लगता है। नौकरी से रिटायर्ड होकर शायद ये सभी के साथ होता होगा। मेरे साथ भी हुआ है तो मलाल क्या करना। लेकिन मलाल तो होता है कि उम्र के इस पड़ाव तक पहुंचते-पहुंचते जीवन के विभिन्न चरणों में अपने दायित्व पूरा करने में इतना व्यस्त रहा कि इतनी लंबी उम्र कब तेजी से निकल गई, पता ही नहीं चला। अब वरिष्ठ नागरिक बन गए हैं तो जीवन की गति एकदम धीमी पड़ गई है, जो जिंदगी कल तक घर के बाहर बहुत महत्वपूर्ण थी, व्यस्त थी, वह अचानक घर में कैद हो गई है। लगता है हम शून्य बन गए हैं। शून्य भी ऐसे की जिसे कोई इकाई के आगे नहीं लगाना चाहता और इकाई के पीछे लगे शून्य का कोई मूल्य नहीं होता, यह सर्वविदित है, सर्व सत्य है। मेरे एक मित्र जो स्वयं वरिष्ठ नागरिक हैं, अक्सर कहते हैं कि मित्र अब शून्य की तरह ही जीना सीख लो। शून्यता की शांति का आनंद लो। कोलाहल में तो सारा जीवन ही बीत गया, अब अपने अकेलेपन से बातें करना सीख लो। मित्र की बातें सच लग रही हैं अब 5 प्रतिशत फोन कॉल नहीं आती। मतलब पहले 95 प्रतिशत कॉल, फोन करने वाले के मतलब से ही आती थीं। अब दोस्तों और रिश्तेदारों के जाना या उनका आना, एकदम कम हो गया है। इस उम्र में नये दोस्त तो बनते नहीं, पुराने बहुत पुराने हो गए हैं, जिनसे मिलना कम ही होता है। शिथिल होते जा रहे तन और बिना सपनों के मन लिए हुए यह मेरे मित्र भी मेरी तरह ही सोचते होंगे। आखिर सब अपने-अपने शून्यों में जी रहे हैं। अपने-अपने शून्य पथ पर चल रहे हैं। एक निश्चित जीवन क्षितिज की ओर.......

# नगरासू गुरुद्वारा प्रकरण: तीसरी मंजिल पर बैठे दो और निहंगों ने खत्म किया धरना

## गुरुद्वारे के अंदर अभी भी चार निहंग मौजूद

**देहरादून ( चिंगारी )।** नगरासू गुरुद्वारे की तीसरी मंजिल पर डटे निहंगों में से सोमवार को दो और निहंग नीचे उतर आए। नीचे आए निहंगों की पहचान परमवीर सिंह (33 वर्ष), निवासी मलकपुर, जिला रूपनगर (रूपड़), पंजाब तथा जगनदीप सिंह के रूप में हुई है। इससे पहले एक निहंग रविवार को ही नीचे उतर चुका था। तीन निहंगों के नीचे आने के बाद अब गुरुद्वारे के भीतर चार निहंग ही मौजूद हैं। गौरतलब है कि नगरासू गुरुद्वारे में शनिवार शाम से शुरू हुआ विवाद रविवार शाम करीब 27 घंटे बाद कुछ हद तक शांत हुआ था। इस दौरान जिला प्रशासन और निहंगों के बीच कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन कोई अंतिम समाधान नहीं निकल सका। निहंग कर्णप्रयाग प्रकरण में गिरफ्तार लोगों की रिहाई की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रशासन की ओर से लगातार संवाद की प्रक्रिया जारी है। रविवार शाम हुई बातचीत के बाद बंधक बनाए गए सेवादार नवतेज सिंह को



सुरक्षित रिहा कर दिया गया था। साथ ही एक निहंग ने भी नीचे उतरने का फैसला लिया था। सोमवार को दो और निहंगों के नीचे आने के बाद गुरुद्वारे के अंदर मौजूद निहंगों की संख्या घटकर चार रह गई है। प्रशासन शेष निहंगों को भी शांतिपूर्ण ढंग से नीचे लाने के प्रयास में जुटा हुआ है। इस बीच गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं की आवाजाही और नियमित अरदास का क्रम भी पुन: शुरू हो गया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह मामला आपसी विवाद के चलते उत्पन्न हुआ था। शुरुआती जानकारी में सामने आया था कि सात निहंग गुरुद्वारे की तीसरी मंजिल पर चले गए थे और उन्होंने सेवादार समेत दो लोगों को अपने कब्जे में ले लिया था। स्थिति को देखते हुए गुरुद्वारा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस, आईटीबीपी, एटीएस सहित अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। प्रशासन का कहना है कि बातचीत के माध्यम से विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## नगरासू गुरुद्वारा बवाल पर पंजाब सीएम ने उत्तराखंड के सीएम धामी से की बात

**देहरादून ( चिंगारी )।** रुद्रप्रयाग जिले में स्थित नगरासू गुरुद्वारे में मौजूद निहंग सिखों का मामला बढ़ता ही जा रहा है। इस मामले में अब पंजाब के सीएम भगवंत मान ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की। सीएम मान ने फोन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा कि निहंग सिखों की जो भी मांग है, वो सुनना उनकी प्राथमिकता होना चाहिए। सीएम मान ने कहा कि दोनों पक्ष के बीच बातचीत का रास्ता खुला रहे। सभी को समझदारी से काम लेना होगा। सीएम मान ने उत्तराखंड के सीएम धामी को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार से जैसी भी सहायता चाहिए होगी वो तैयार है। पंजाब सरकार भी सिख धर्म गुरुओं से बातचीत कर रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई करेंगे। देवभूमि उत्तराखंड सभी को गले लगाता है और सभी धर्मों का सम्मान करता है। यह हेमकुंड साहिब, नानकमत्ता साहिब और रीठा साहिब जैसे पवित्र स्थलों का घर है। ये स्थान हमारे सिख गुरुओं ने बनाए थे। सभी धर्मों का सम्मान करना हमारे राज्य की संस्कृति और मूल्यों का एक अहम हिस्सा है।

## 25 लाख की धोखाधड़ी मामले में अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**देहरादून ( चिंगारी )।** 25 लाख की साइबर धोखाधड़ी मामले का खुलासा करते हुए एसटीएफ की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा दो लोगो को पश्चिमी बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 13 डेबिट कार्ड, पासबुक, चेकबुक, बैंक खाता खोलने के फॉर्म, सिम कार्ड एवं 3 मोबाइल बरामद किए गए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि देहरादून के निवासी ने साइबर ठगी के सम्बन्ध में साइबर क्राइम




पुलिस स्टेशन देहरादून में शिकायत दर्ज करायी थी। तहरीर में बताया था कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा उनका मोबाइल फोन हैक कर उनकी ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर परिवर्तित कर उनकी कम्पनी के बैंक खाते से लगभग 24.95 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गयी है। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। मामले में साइबर क्राइम पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खातों रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों की जानकारी हेतु सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा आदि से पत्राचार कर डेटा प्राप्त किया गया। प्राप्त डेटा के विश्लेषण से आरोपियों को चिन्हित करते हुये बीती 14 जून को निरीक्षक आशीष गुसांई के नेतृत्व में एक पुलिस टीम पश्चिम बंगाल रवाना की गयी। पुलिस टीम द्वारा बीती 18 जून को एक सूचना के आधार पर रानाघाट पश्चिम बंगाल से उक्त घटना में संलिप्त दो आरोपियों तपन विश्वास (उम्र 45 वर्ष) एवं उत्तम कुमार दास (उम्र 38 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया।

## नंदादेवी नेशनल पार्क में दिखे हिमालयन थार, साइबेरियन विजल, काला भालू जैसे कई वन्यजीव

**देहरादून ( चिंगारी )।** नंदादेवी नेशनल पार्क में जैव विविधता निगरानी के लिए गई टीम अभियान के अंतिम पड़ाव सरसो पताल तक पहुंच गई है। इस दौरान टीम को प्रत्यक्ष तौर पर हिमालयन थार, साइबेरियन विजल, काला भालू और पिका जैसे कई वन्यजीव दिखाई दिए हैं। इसके अलावा स्नो लेपर्ड जैसे वन्यजीव भी मिले हैं। टीम ने अभियान के दौरान कई जगहों पर ट्रैप कैमरे भी लगाए हैं, जिनसे भी वन्यजीवों के बारे में और नई जानकारी सामने आ सकती है। नंदा देवी नेशनल पार्क में हर दस साल में टीम अभियान को जाती है। इस अभियान की शुरुआत सात जून को हुई थी, अब टीम अभियान के तहत चिह्नित अंतिम स्थल सरसो पताल तक पहुंच गई है। टीम को कई जगहों पर हिमालयन थार, साइबेरियन विजल, काला भालू, भरल, पिका समेत छह जीव प्रत्यक्ष तौर पर दिखाई दिए हैं। डीएफओ अभिमन्यु बताते हैं कि इसके अलावा टीम को हिम तेंदुआ, रेड फॉक्स समेत 11 अन्य स्तनधारी वन्यजीवों के स्केट (मल) मिले हैं, जिनसे उनके संबंधित इलाके में होने की उपस्थिति का पता चलता है। चिड़ियों समेत अन्य जानकारी की भी रिपोर्ट की गई है। डीएफओ अभिमन्यु बताते हैं कि अभियान के दौरान टीम ने विभिन्न जगहों पर 40 कैमरा ट्रैप को लगाया है। वापस



लौटते समय टीम कैमरा ट्रैप को निकालते हुए आएगी। इनसे मिलने वाले फोटोग्राफ में संभव है कि उनसे नई जानकारी मिल सके। इसके अलावा टीम वनस्पतियों से जुड़ा अध्ययन कर रही है। वनाधिकारियों के अनुसार टीम वापस आकर रिपोर्ट तैयार करेगी, उससे और भी जानकारी सामने आ सकेगी। टीम सरसो पताल में दो दिन रहने के बाद वापस लौटना शुरू करेगी।

## संत समाज की भूमिका राष्ट्र के निर्माण का बड़ा आधार: धामी

### हरि सेवा आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा एवं संत सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरि सेवा आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं विशाल संत सम्मेलन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने संत-महात्माओं का अभिनंदन करते हुए आश्रम द्वारा किए जा रहे सेवा, संस्कार और समाज जागरण के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि मानवता को आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और जीवन के वास्तविक उद्देश्य से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने संत समाज को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र चेतना का संवाहक बताते हुए कहा कि संतों एवं मनीषियों ने इतिहास में समाज को दिशा देने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी अहम योगदान दिया है।




मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए दौर का साक्षी बन रहा है। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल तथा केदारनाथ धाम के पुनर्विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं भारत की आध्यात्मिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता, आध्यात्मिक पहचान और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और भू-कानून जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लागू किए गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वामी हरिचेतानंद जी महाराज का आभार व्यक्त करते हुए संत समाज से राज्य और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद देने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि संतों के आशीर्वाद और जनता के सहयोग से उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प अवश्य पूरा होगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रदीप बत्रा सहित अनेक संतगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में ऑनलाइन कराया योगाभ्यास

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छात्रों के लिए ऑनलाइन सामूहिक योगाभ्यास एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य रोहित बलोदी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते छात्रों ने ऑनलाइन योग किया। छात्रों को योग प्रशिक्षक योगेश नेगी के निर्देशन में ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर आयोजित आनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कुमकुम रावत ने पहला, श्रेया थपलियाल ने दूसरा एवं पीयूष रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में आराध्या बिष्ट प्रथम, रिद्धियांशा असवाल द्वितीय तथा रुद्रांश जदली तृतीय स्थान पर रहे।

# गौमाता है भारतीय संस्कृति की पहचान, नकली हिन्दुओं से रहें सावधान!

## बिजनौर में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का आह्वान



**बिजनौर( चिंगारी )।'गौ रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा' के तहत सोमवार को बिजनौर पहुंचे जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग दोहराते हुए कहा कि सरकारें इस विषय पर गंभीर नहीं हैं और राजनीतिक कारणों से इससे बच रही हैं।**

नगर के राजमिलन बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शंकराचार्य ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग, जिनमें मुस्लिम भी शामिल हैं, गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सत्ता में बैठे लोग इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

### नकली हिंदुओं से सावधान रहें

शंकराचार्य ने कहा कि केवल स्वयं को हिंदू कहने भर से कोई सच्चा हिंदू नहीं बन जाता। हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों और परंपराओं का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है जो हिंदू होने का दावा तो करते हैं, लेकिन सनातन धर्म के मूल्यों को स्वीकार करने से बचते हैं। ऐसे नकली हिन्दुओं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गाय को केवल पशु नहीं, बल्कि माता का स्थान प्राप्त है।

### शुरू से ही आशंका थी

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि जब ट्रस्ट के गठन में धर्माचार्यों और अन्य योग्य व्यक्तियों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया, तभी आशंकाएं पैदा होने लगी थीं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है और उससे जुड़ी किसी भी प्रकार की अनियमितता गंभीर विषय है।

### एसआईटी जांच पर जताया संदेह

राम मंदिर मामले में एसआईटी जांच के प्रश्न पर शंकराचार्य ने कहा कि जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित होना आवश्यक है। उन्होंने आशंका जताई कि राजनीतिक प्रभाव के कारण निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है।

### ढाई सौ विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी यात्रा

**शंकराचार्य ने बताया कि उनकी 81 दिवसीय 'गविष्टि ( गौ-रक्षार्थ धर्मयुद्ध ) यात्रा' प्रदेश के लगभग 250 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा का उद्देश्य गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए जनजागरण करना है। उन्होंने कहा कि जब तक गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा नहीं मिल जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।**

### रुचि वीरा व राहुल सिंह ने किया स्वागत

कार्यक्रम के आयोजक मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा एवं सपा नेता राहुल सिंह रहे। बिजनौर पहुंचने पर शंकराचार्य का सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष हनी फैसल, जिला महामंत्री धनंजय यादव, स्वाति वीरा, दीपक सैनी, प्रभा चौधरी, आदित्य वीर सिंह, मदनलाल सैनी, महेंद्र पाल, दिलावर प्रधान, कुंतेश सैनी, मो. अय्यूब सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू ने किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर दिया ज्ञापन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गन्ना समिति बिजनौर में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान की अध्यक्षता एवं मुख्य महासचिव मुकेश झिंगला के संचालन में आयोजित हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बालावाली, मंडावर, जलीलपुर सहित संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने की मांग की गई। साथ ही वर्ष 1967 में पीलीबांध निर्माण के दौरान भूमिहीन हुए किसानों को अधिग्रहीत भूमि का प्रतिकार दिलाने, सहकारी समितियों में यूरिया व डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा बारूकी नहर पुल से सिकड़े नहर पुल तक नहर पटरी पर पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग उठाई गई। किसानों ने जल निगम द्वारा चंदानंगली (हल्दौर), भवानीपुर गगरान (जलीलपुर) सहित विभिन्न गांवों में नवनिर्मित टंकियों से हर घर जलापूर्ति शुरू कराने, हल्दौर के सुनारों वाले तालाब सहित अन्य तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा बिलाई शुगर मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दिलाने की भी मांग की। पंचायत के दौरान अन्य किसान संगठनों को छोड़कर आए रविंदर राठी, राजीव चौधरी व रोहित राठी सहित कई किसानों ने भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सत्यवीर सिंह, विजयपाल सिंह, मनप्रीत संधू, सोनू विरक, महेंद्र सिंह, रामोतार सिंह, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, गौरव झिंगला, डॉ. विजय सिंह, अरुण कुमार, देवदत्त शर्मा, गजेंद्र सिंह, विनीत मौर्य, संदीप त्यागी, आकाश चौधरी, वीरेश राणा, सत्यम तोमर, जयप्रकाश राजपूत, शाहनवाज, बिलाल, शाहरुख सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 15 दिन पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश, नकदी सहित तीन गिरफ्तार



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम अमाननगर उर्फ हर्रावाला निवासी शैलेंद्र कुमार बादीगढ़ चौराहे पर सोनी फीड स्टोर के नाम से खल-चोकर की दुकान करता है। 6 जून की दोपहर दो अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर सामान लेने के बहाने उसकी दुकान पर आए और गल्ले से 12,000 रुपए चुराकर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में प्रकाश में आए चार अभियुक्तों पवन पुत्र शंकर व रामा पुत्र शंकर निवासीगण शांतिपुरी थाना पंतनगर जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) एवं रामप्रसाद उर्फ काबू पुत्र राजेश व देवा पुत्र किशन निवासीगण ग्राम गोकुलनगर थाना पंतनगर जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में से तीन अभियुक्तों पवन, रामा व रामप्रसाद उर्फ काबू को 7,600 रुपए नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने चोरी की यह वारदात करना स्वीकारते हुए बताया कि वह गरीब लोग हैं और फेरी करके फूल गमला बेचने का काम करते हैं, लालच में आकर इस घटना को अंजाम दिया था।



# वोट राम के नाम पर लिये जाते हैं, काम उसके विपरीत किये जाते हैं



**धामपुर ( चिंगारी )।** ज्यातिपीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज आज गौरक्षक धर्मयुद्ध यात्रा को लेकर शुभम मंडप धामपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रुचि वीरा,युवा सपा नेता अमित चौहान, योगेश रस्तोगी, मुदित गुप्ता, संयम जैन, अभि यादव, दिनेश चंद्र भारद्वाज, कृष्ण रस्तोगी,विकास महाकाल आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा कि चुनाव के समय वोट तो राम के नाम पर लिए जाते हैं परंतु कार्य उसके विपरीत किये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत गौमांस का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन गया है उन्होंने कहा कि आप तो त्रिशूल और डमरू लेकर माथे पर त्रिकुंड लगाकर आए थे परंतु देश में काम तो विधर्मी वाले हो रहे हैं। यदि कोई दूसरे धर्म का व्यक्ति होता तो उसको मान लेते कि यह जानबूझकर कर रहा है परंतु आप तो हिंदुत्व के नाम पर वोट लेकर आए हो।

राम मंदिर के चंदा चोरी प्रकरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया ने किसी समय कहा था कि मैं अमुक नहीं हूं मैं तो चौकीदार हूं। उस समय हमारे देश के लाखों लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संदेश डालकर कहा था कि हम भी चौकीदार हैं परंतु अफसोस की बात है कि इतने चौकीदार होने के बाद भी अयोध्या के श्री राम मंदिर में चंदा चोरी हो। जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाना चाहिए उन्होंने बताया कि हिंदू समाज में गौ माता का विशेष स्थान है इसलिए हमें अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए गोवंश का संरक्षण करना चाहिए।

# नकली हिंदुओं के खिलाफ असली हिंदुओं को खड़ा होना पड़ेगा- अविमुक्तेश्वरानंद



## गौ-रक्षा अभियान से जुड़ने का आहवान

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। गौ-माता के नाम के सहारे सत्ता में आने वाले गाय को राष्ट्र माता घोषित करने से बच रहे हैं जिसका खामियाजा उन्हें आगामी चुनाव में भुगतना पड़ेगा और ऐसे नकली हिंदुओं के खिलाफ असली हिंदुओं को खड़ा होना पड़ेगा। यह कहना है ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी 81 दिवसीय गौरक्षक धर्मयुद्ध यात्रा के दौरान रेहड़ क्षेत्र के बादीगढ़ चौराहा स्थित एक वैंकट हाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर वहां के मतदाताओं व आम जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश को आजाद हुए 78 वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है मगर हिंदुओं के देश में गौ-माता अभी भी काटी जा रही है और गौ-माता के नाम के सहारे सत्ता में आए लोग अभी तक गौ-रक्षा को लेकर कानून नहीं बना पाए हैं। उन्होंने कहा कि हम हिंदू हैं, सनातनी हैं तो हमारा वोट लेकर गौ-हत्या की परमिशन कैसे दी जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि 250 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचते पहुंचते हम बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में आए हैं। प्रेस वार्ता से पूर्व स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सपा सांसद रुचि वीरा, पूर्व सांसद यशवीर धोबी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, शैलेंद्र चौहान, हेमंत कुमार आदि अनेक सपा नेताओं ने स्वागत करते हुए उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रफीक अंसारी ने शंकराचार्य का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के आव्हान पर जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद का पूरे लश्कर के साथ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रफीक अंसारी ने अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत व अभिनन्दन किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, नरेश सिंह, नाथे, संजीव कुमार, सरदार मुलविंदर सिंह, सरदार त्रिलोचन सोबती, सरदार गुरजिंद्र सिंह सोनी, अतीक अहमद, प्रधान नौबहार सिंह इस्सेपुर, सरदार सुच्चा सिंह, राजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश पाल, कलिराम पाल, मौ0 शहजाद, लाईक अहमद, दिलशाद अहमद, प्रेमचंद शर्मा, विजेंद्रपाल, सरदार लवप्रीत आदि पीडीए के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नजीबाबाद पहुंचने पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का भव्य स्वागत





खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





## हिमांशु भारद्वाज शंकराचार्य के प्रतिनिधि बने



शंकराचार्य को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत करती सपा नेत्री आयशा सिद्दीकी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद का नजीबाबाद पहुंचने पर नगर के मौहल्ला दरबाराशाह में श्री गणेश मंदिर के सामने सिद्धि विनायक ज्वैलर्स के स्वामी राजेश भारद्वाज, सुधांशु भारद्वाज व हिमांशु भारद्वाज परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद का स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज के लोगों के साथ सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य आयशा सिद्दीकी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जगद्गुरू शंकराचार्य महाराज अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि वह गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए यात्रा पर निकले हुए है। इसके लिए वह संदेश लेकर आए है। उन्होंने कहा कि गाय को आखिर राष्ट्रीय माता घोषित करने में कई दिक्कत है। इस अवसर पर हिमांशु भारद्वाज को शंकराचार्य का नजीबाबाद का प्रतिनिधि घोषित किया गया। कार्यक्रम में राजेश भारद्वाज, सुधांशु भारद्वाज, हिमांशु भारद्वाज, दिव्यांश राजपूत, नरेश वर्मा, मुकेश वर्मा, दिनेश वर्मा, वंश, रुद्राक्ष, आयुष, तुषार, विनय कौशिक, गौरव अग्रवाल, सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल, तसनीम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## सूचना

पहले मेरा नाम LABLI CHAUDHARI था। अब मैंने अपना नाम बदलकर LOVELY CHAUDHARY रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना एवं पहचाना जाये।
LOVELY CHAUDHARY S/O OMKAR SINGH R/O IBRAHIMPUR RAJU NEAR SENT MARRY'S SCHOOL NAJIBABAD, POLICE STATION AND TEHSIL, NAJIBABAD, DISTRICT BIJNOR UP- 246763

# सालमाबाद में भातियों के डीजे पर पथराव



बिजनौर (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम सालमाबाद में कल शाम को भात लेकर पहुंचे दलित समाज के लोगों के डीजे पर कथित रूप से दूसरी जाति के कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। घटना में कुछ लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि एक बाइक में भी तोड़फोड़ किए जाने का आरोप है। मामले को लेकर गांव में काफी हंगामा हुआ। दलित समाज के लोगों ने थाने पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार, ग्राम सालमाबाद निवासी स्वर्गीय परमाले के पुत्र सतीश की शादी है। सोमवार को मंढा था। फतेहपुर गढ़ी से देर शाम भाती डीजे के साथ गांव पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे ही डीजे बजाते हुए भाती गांव में पहुंचे, पंकज व उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने डीजे बंद करने को कहा। बताया जाता है कि इस बीच पथराव किया गया, जिससे भात में आये कुछ लोग मामूली रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष का ये भी आरोप है कि आरोपियों ने सतीश के बहनोई की बाइक में भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग एकत्र होकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बहुजन पैंथर पार्टी के पदाधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ देर नोकझोंक भी हुई। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि सालमाबाद गांव में दो अलग-अलग जातियों के लोगों के बीच मारपीट की घटना हुई है। पंकज और अजय नामक दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने के विरोध में हड़ताल

**चांदपुर ( चिंगारी )**। सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर की बैठक में सरकार द्वारा रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने पर रोष जताते हुए सरकार से इस पर रोक लगाये जाने की मांग की गई तथा मांग पूरी होने तक कोई भी रजिस्ट्री का कार्य नहीं होने देने तथा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया गया। बार के अध्यक्ष संदीप कुमार एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महासचिव मनोज कुमार एडवोकेट के संचालन में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने चिंता एवं रोष जताते हुए कहा कि रजिस्ट्री को डिजिटल किये जाने बैनामा लेखकों, अधिवक्ताओं व स्टाम्प बैन्डरों का अत्यधिक नुकसान होगा तथा साथ ही बैनामा लिखने की प्रक्रिया भी पारदर्शित नहीं हो पाएगी तथा कार्य में लगे लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। बैठक में सरकार से रजिस्ट्री की इस प्रक्रिया को जनहित को ध्यान में रखते हुए तुरंत रोके जाने की मांग की गई।

# मोनिका की मौत के मामले में तीसरा आरोपी भी गिरफ़्तार

**नहटौर ( चिंगारी )**। गांव कादीपुर में विवाहिता मोनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया गया है। कादीपुर निवासी अनिल की पत्नी मोनिका की फांसी लगाने से मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस इस केस में मोनिका के पति अनिल और ससुर करनपाल को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कोतवाल रविंद्र प्रताप ने बताया कि रविवार रात करीब 8:30 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर नामजद आरोपी अवनीश पुत्र करनपाल को उसके घर से धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक, मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



# वाइन शॉप खोलने के विरोध में आसपा का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर ( चिंगारी )**। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रस्तावित वाइन शॉप (मॉडल शॉप) के विरोध में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों ने जनहित का हवाला देते हुए चांदपुर रोड स्थित प्रस्तावित शराब की दुकान को तत्काल निरस्त करने की मांग की। डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि चक्कर चौराहा, चांदपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट वाइन शॉप एवं बार खोले जाने की तैयारी चल रही है। क्षेत्र के लोगों, विशेषकर आसपास की मुस्लिम बस्ती के निवासियों ने इसका विरोध किया है। ज्ञापन में कहा गया कि स्थानीय नागरिक इस दुकान के खुलने के पक्ष में नहीं हैं। आसपा नेताओं ने बताया कि प्रस्तावित स्थल के समीप दो बैंक्वेट हॉल (मैरेज हॉल) संचालित हैं, जहां वर्षभर शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। ऐसे में शराब की दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ सकती हैं, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने तथा किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहेगी। पार्टी नेताओं ने जिलाधिकारी से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित वाइन शॉप को तत्काल खोलने से रोकने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में आसपा नेता जितेंद्र राणा, तुफैल अहमद उर्फ़ छिद्दन, सुहैल, फरीद अहमद, वहीद,वसीम, साजिद, नईम, आरिश, युसूफ, सईद, अशरफ, सुब्हान, अफसर, अनवर, रफीक़, महबूब आदि शामिल रहे।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने एसआईटी के गठन पर सवाल उठाये

# जो ट्रस्ट सीधे पीएमओ से जुड़ा हो, उसके विरुद्ध कार्रवाई कौन कर सकता है



शंकराचार्य का स्वागत करते सपा विधायक मनोज पारस।

**नगीना ( चिंगारी )**। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के चढ़ावे में आ रही गड़बड़ियों के संबंध में सरकार द्वारा एसआईटी के गठन किए जाने पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब ट्रस्ट प्रधानमंत्री कार्यालय से सीधा जुड़ा है तो कोई अधिकारी ट्रस्ट के खिलाफ कैसे अपनी रिपोर्ट देने की हिम्मत कर सकता है। सोमवार की रात्रि नगीना के रेलवे स्टेशन चौराहे पर पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। राम मंदिर के चढ़ावे में गड़बड़ी की आ रही ख़बरों के संबंध में पूछे गए सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि आप लोग बहुत लेट हो। वहां तो बहुत दिन से ख़बर थी, आप लोग उठाते ही नहीं थे। यह तो पहली बार आपने उठाया है। आप याद करिए, जब यह खबर आपने उठाई तो वहां के कर्ता-धर्ता, सर्वे-सर्वा चंपत राय जी ने क्या कहा था। उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो कोई उल्लेखनीय बात है ही नहीं, यह सब रोज़ का काम था। इसका मतलब है कि वह रोज़ यही कर रहे थे। जब वो साफ़-साफ़ कह रहे हैं, उसके बाद भी आप नहीं समझ रहे हैं। जब उनसे एसआईटी के गठन के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आप बताओ कि जो ट्रस्ट सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय जुड़ा है, तब किसी डीएम, कमिश्नर, बैंक के अधिकारी की हिम्मत है कि वहां पर उनकी मर्जी के विरुद्ध कुछ लिख दे। आप बताओ कौन सा अधिकारी है जो मुख्यमंत्री के खिलाफ काम कर सकता है। ये सब लीपापोती होती है। जब उनसे पूछा गया कि इस मामले में आपका क्या मानना है, इसमें सरकार को क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाई, पहले सवाल यह कि जब यह मंदिर बनने का मौका आया, कैसे आया। कोर्ट ने फैसला दिया तब आया। कोर्ट में कौन पैरवी कर रहा था, हिंदुओं की ओर से। तो जो लोग हिंदुओं की ओर से मुकदमा लड़ रहे थे, जब उन्होंने मुकदमा जीता तो उनको ट्रस्ट में रखना चाहिए था, जिन्होंने जितवाया, उनको हटा दिया गया। अच्छा चलो, उनको हटाते तो उनको रखते जो कह रहे थे कि हमको मंदिर बनाने का और संचालन करने का पूरा अनुभव है, हम हजारों मंदिर चलाते हैं। उनको हटा दिया। चलो कोई बात नहीं, आप अयोध्या के संतों का ट्रस्ट बना देते हैं। आपने अपने खास-खास, एकदम विश्वस्त कार्यकर्ताओं को क्यों रखा। अगर कोई अपने खास-खास लोगों की नियुक्ति करने लगे तो समझ लो कि इसका इरादा चोरी का है। जब उनसे पूछा गया कि आप इसके लिए किसको दोषी मानते हैं तो उन्होंने कहा कि वो जो ये सब सेटिंग कर रहा था, आखिर कौन घाक जमा रहा था। वहां कि ये तुम ये करो, तो तुम ये करोगे, तुम ये करोगे। कौन चुन रहा था। बताओ जनता ने चुना। किसने कहा कि यह वह सही आदमी है। जिसका वो विश्वास पात्र था, जिसने कहा, वही जिम्मेदार है। और कौन जिम्मेदार है। स्वागत करने वालों में विधायक मनोज पारस, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, सेवानिवृत आईएएस आरके सिंह, पंकज अग्रवाल, आलोक चौधरी, संजीव चौधरी शेख मोहम्मद अंजार, धर्मेंद्र पारस, अक्षेश पारस आदि मौजूद रहे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)


1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# अफ़वाह फैलाने वालों की ख़ैर नहीं!

## डीआईजी ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी



**बिजनौर (चिंगारी)।** डीआईजी मुरादबाद श्री मुनिराज ने निर्देश दिये हैं कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में डीआईजी मुनिराज ने एसपी अभिषेक झा, एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, एएसपी देहात प्रकाश कुमार व एएसपी पूर्व अमित कुमार श्रीवास्तव सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा, खुफिया तंत्र की सक्रियता, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा आमजन से समन्वय स्थापित करने संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीआईजी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने, संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करने तथा आयोजकों और संभ्रांत नागरिकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने के निर्देश दिये।

### सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नज़र

डीआईजी मुनिराज ने कहा कि त्यौहारों के दौरान आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया दी जाए, ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराए जा सकें।

# डिप्टी सीएम पाठक से मिले राहुल वर्मा

**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार को व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने लखनऊ पहुंचकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भेंट की और व्यापरियों से संबंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से व्यापारी सुरक्षा आयोग के गठन की मांग की। इसके अलावा उन्होंने व्यापरियों को एमएलसी चुनकर विधान परिषद भेजा जाने और होने वाले विधानसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग से प्रत्याशी घोषित किये जाने, व्यापारी समाज की सुरक्षा को देखते हुए शस्त्र लाइसेंस में वरीयता दिये जाने, फूड लैबोरेट्री की स्थापना पश्चिम यूपी में की जाने, व्यापारी वर्ग का दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख दिया जाने, आयकर और जीएसटी विभाग के द्वारा देरी से रिटर्न भरने पर लगने वाला जुर्माना हटाये जाने, प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी सुरक्षा आयोग में व्यापारी एकता परिषद को भी स्थान दिये जाने आदि की मांग उठाई।



# नलकूपों से सामान चुराया, कोठरी को आग लगा दी

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर थाना क्षेत्र में चोरों का बोलबाला है। थाना क्षेत्र के ग्राम मोहंडिया में दो नलकूपों पर बनी कोठरी के ताले तोड़कर कटाउट व अन्य सामान के साथ नलकूप के बाहर रखे ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर सामान चोरी कर लिया। चोरों ने किसान कृष्ण कुमार व राजेश कुमार के नलकूपों पर बनी कोठरी के ताले तोड़कर कटाउट, स्टार्टर, केबल व कृष्ण कुमार के नलकूप के बाहर रखे ट्रांसफार्मर को विद्युत पोल से नीचे गिराकर उसका सामान चोरी किया। नलकूप की कोठरी में आग भी लगा दी। मंगलवार की सुबह चार बजे जब किसान नलकूप चलाने खेत पर पहुंचे तब चोरी का पता चला। वहीं थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि किसानों द्वारा थाने में चोरी की तहरीर दी गई है, जांच कर कार्यवाही होगी।



# वैष्णो विहार में अनुज मलिक ने किया शंकराचार्य का भव्य स्वागत



**बिजनौर (चिंगारी)।** बैराज रोड स्थित वैष्णो विहार में आयोजित कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने गौ संरक्षण और गौ सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेता अनुज मलिक ने शंकराचार्य का स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। अपने संबोधन में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने गौ माता के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को जागरूक किया। शंकराचार्य ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और गौ संरक्षण राष्ट्र निर्माण का आधार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सपा नेता अनुज मलिक ने कहा कि गौ संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समाज को जागरूक करने वाले ऐसे कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने शंकराचार्य के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

# मासूम की मौत के मामले में डाक्टर के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

**स्योहारा (चिंगारी)। 18 जून को उपचार के दौरान मासूम अर्श उर्फ हारिस की मौत के मामले पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

सोनम पत्नी अली हसन निवासी गनीमतनगर थाना भोजपुर, मुरादाबाद अपने मायके आयी थी। 18 जून को अपने ढाई वर्षीय अर्श उर्फ हारिश की तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए स्योहारा स्थित नगर पालिका के निकट संचालित डॉ. सादाब के अस्पताल में लेकर पहुंची थी। आरोप है कि चिकित्सक ने बच्चे का परीक्षण करने के बाद उसे ड्रिप (बोतल) चढ़ाई। परिजनों का कहना है कि ड्रिप लगाने के बाद बच्चे की हालत में सुधार होने के बजाय और अधिक बिगड़ने लगी। परिजनों के अनुसार जब बच्चे की स्थिति लगातार गंभीर होती गई तो चिकित्सक ने उसे किसी अन्य अस्पताल में ले जाने की सलाह दे दी। इसी दौरान मासूम हारिश की मौत हो गई। आरोप है कि बच्चे की मौत की सूचना मिलने के बाद चिकित्सक अस्पताल छोड़कर चला गया था, जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया।

### पुलिस ने सीएमओ को लिखा पत्र

मासूम की मौत के मामले में पुलिस ने सीएमओ को पत्र भेजकर अस्पताल की जांच के बात कही है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष देशबंधु चौहान ने सीएमओ से वार्ता की और लापहरवाही बरतने वाले अस्पताल के मानकों की जांच को कहा है। जांच कर कार्यवाही नहीं होगी तो वह ऊपर अधिकारियों से सम्पर्क करेंगे।

# शोपीस बनी टंकी, पानी को तरस रहे ग्रामवासी

**बरूकी (चिंगारी)।** भीषण गर्मी में ग्राम बरूकी के ग्रामीण स्वच्छ पेयजल के लिए परेशान हैं। लगभग 15 हजार की आबादी वाले इस गांव में पिछले तीन वर्षों से नवनिर्मित पानी की टंकी चालू न होने के कारण ग्रामीणों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो दशक पहले बनी पुरानी टंकी खराब हो गई थी, जिसके बाद जल जीवन मिशन के तहत नई टंकी का निर्माण कराया गया। टंकी से संबंधित नलकूप को ओवरहेड टैंक से जोड़ने के साथ ही सोलर पैनल भी स्थापित किए जा चुके हैं, लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जल निगम अधिकारियों की उदासीनता के कारण परियोजना अधर में लटकी हुई है। उधर, भीषण गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ने से लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। पूर्व ग्राम प्रधान पोखर सिंह, करतार सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, रामपाल सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान पति अब्दुल मजीद, पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद फैयाज, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजपाल सिंह कश्यप, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल प्रभाव से पानी की टंकी चालू कर गांव में नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में जल निगम के एसडीओ शुभम सक्सेना ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने कहा कि संभवतः मोटर अथवा कनेक्शन से संबंधित कुछ कार्य शेष हैं। संबंधित जेई से जानकारी लेकर कमियों को जल्द दूर कराया जाएगा तथा शीघ्र ही जलापूर्ति शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।



# आवारा कुत्तों, अतिक्रमण और अवैध होर्डिंग्स पर सख्ती के निर्देश

## डीएम ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद की सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आवारा कुत्तों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियमों के अनुरूप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पशु चिकित्सा विभाग एवं नामित एजेंसियों के सहयोग से आवारा कुत्तों की पहचान, पकड़ने, नसबंदी एवं टीकाकरण का अभियान चलाया जाए। साथ ही पशुओं के प्रति किसी प्रकार की क्रूरता न बरती जाए। बरसात के मौसम को देखते हुए डीएम ने नालों और नालियों की सफाई में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। बैठक में अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, चौराहों, विद्युत पोलों एवं अन्य स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए विज्ञापन सामग्री को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निकाय क्षेत्रों में केवल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्वीकृत होर्डिंग्स और निर्धारित मानकों के अनुरूप लगाए गए यूनिपोल ही अनुमन्य होंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के वार्ड गजेटियर का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। प्रमुख मार्गों, बाजारों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, नालों, नालियों और सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों की पहचान कर उन्हें तत्काल हटाने को कहा गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, सभी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम सदर ने की आईजीआरएस व राजस्व मामलों की समीक्षा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तहसील सदर बिजनौर में सोमवार को एसडीएम सदर ऋतु रानी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार बिजनौर आशीष सक्सेना, नायब तहसीलदार सार्थक चावला, नायब तहसीलदार एवं रजिस्ट्रार कानूनगो विवेक खेवाल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान आईजीआरएस डैशबोर्ड का अवलोकन एवं परीक्षण किया गया। निरीक्षण में पोर्टल पर एक भूमि माफिया संदर्भ डिफाल्टर पाया गया। इस मामले में तहसीलदार बिजनौर तथा प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस/नायब तहसीलदार दारानगर से स्पष्टीकरण तलब किया गया। वहीं संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर को पटल से हटाए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। समीक्षा के दौरान निर्विवाद उत्तराधिकारी (वरासत) के दो आवेदन लंबित पाए गए। इस पर तहसीलदार बिजनौर, संबंधित नायब तहसीलदार तथा राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही संबंधित लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई पूर्ण कर दी गई है। उप जिलाधिकारी (सदर) ने तहसील बिजनौर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि आय, जाति, मूल निवास, पेंशन, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, शादी अनुदान, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, निर्विवाद उत्तराधिकारी (वरासत), आईजीआरएस तथा जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों एवं अन्य आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण अनुश्रवण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**डैशबोर्ड निरीक्षण में मिलीं खामियां**

# किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में किया धरना-प्रदर्शन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन ( अराजनीतिक ) के पदाधिकारियों ने सोमवार को युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह एवं जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम हर्ष चावला को सौंपा। इससे पूर्व बड़ी संख्या में किसान गन्ना समिति परिसर में एकत्र हुए और वहां से जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां सांकेतिक धरना दिया गया।



धरने को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने नकली कीटनाशकों, नकली बीजों एवं मिलावटी उर्वरकों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि अंश निर्धारण (विरासत एवं बंटवारा) के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। किसान नेताओं ने डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, कालाबाजारी एवं ओवररेटिंग पर रोक लगाने तथा खराब और फेल बीजों से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने बीज वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग उठाई।

धरने में किसानों ने बिजली व्यवस्था में सुधार, जर्जर लाइनों और ओवरलोड ट्रांसफार्मरों को बदलने तथा कृषि फीडरों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाने, प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने तथा आवारा एवं निराश्रित पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग भी रखी गई।

इस अवसर पर चौधरी बलराम सिंह, अतुल बालियान, लोकेंद्र सिंह दोदवाल, कुलबीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, वीर सिंह डबास, दर्शन सिंह फौजी, नमेंद्र, रामफल मुखिया, दुष्यंत राणा, उदयवीर सिंह, सैंपल सिंह, राकेश प्रधान, अंकुल कुमार, शुभम चौधरी, देवानंद भुइयार, अजमाइल प्रधान, अजय चौहान, तेजवीर सिंह, कुंवर हर्षवर्धन, महबूब सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में 40 दिवसीय सुखमनी साहिब पाठ का समापन

## स्त्री सत्संग ने किया था आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में स्त्री सत्संग सभा की ओर से चल रहे 40 दिवसीय सामूहिक सुखमनी साहिब पाठ एवं गुरुवाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम का समापन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर स्त्री सत्संग सभा की जत्थेदार बीबी महेंद्र कौर खालसा ने सुखमनी साहिब जी के पाठ को अनेक प्रकार के सुखों की खान बताते हुए कहा कि नियमित रूप से इस पाठ को उच्चारित तथा श्रवण करने वाले व्यक्ति प्रगति और उन्नति के पथ की ओर अग्रसर रहने के साथ ही अनेक प्रकार की उल्लेखनीय एवं गौरवशाली उपलब्धियां भी अर्जित करते हैं। इसके अतिरिक्त पाठ के उच्चारण और श्रवण से व्यक्ति के हृदय में निर्मलता का भाव पैदा होता है और दूसरों के प्रति दया एवं परोपकार की भावना जागृत होती है। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर सुखमनी साहिब जी का पाठ होता है, उस स्थान से हर प्रकार की नकारात्मकता दूर होती है तथा साकारात्मकता का वातावरण स्पष्ट तौर पर दृष्टिगोचर होने लगता है। इस अवसर पर निष्ठावान सेविकाओं को सरोंपा भेंट करके सम्मानित किया गया। उनमें प्रमुख रूप से जसविंदर कौर मोगा, संजय मोगा, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर चावला, महेंद्र कौर चावला, जसवीर कौर, सर्वजीत कौर सीडाना, अंजू दुआ, अमनप्रीत कौर सीडाना, मनजीत कौर सेठी, गीता, आनंद प्रकाश कौर चावला, स्वीटी चावला, कुलवंत कौर, कुलदीप कौर, जगमीत कौर, सुरजीत कौर, सोनिया रानी, सतविंदर कौर, सविता रानी, सुरेंद्र कौर, जसपाल कौर, बिंदिया रानी, सरिता रानी, स्वीटी आनंद, अमरजीत कौर सीडाना, मनजीत कौर, रोजी रानी, डोली रानी, सिमरन कौर, सिल्की चावला, सविता गुगलानी आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास से हुआ।

# मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा : ओम कुमार



**नहटौर ( चिंगारी )। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं अंत्योदय को समर्पित गौरवपूर्ण 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नहटौर विधायक ओम कुमार ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लडावाला, मिमला, गोपालजोत एवं कागपुर में आयोजित ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया।**

विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज देश आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही मोदी सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य दानवीर चौहान, प्रधान शीशराम, महिपाल मास्टर साहब, क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित, नरेश चेयरमैन, राकेश चेयरमैन, रवि चौहान, पूर्व प्रधान संजीव, मुनेश सिंह, विपिन कुमार, वरुण कुमार, विपुल चौधरी, रघुवीर सिंह, मुंशीराम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक से सड़क बनवाने की मांग की



**नहटौर ( चिंगारी )।** मौहल्ला जोशियान के मौहल्लेवासियों ने विधायक ओमकुमार को अवगत कराया कि धामपुर रोड से कोतवाली रोड को जोड़ने वाला यह मार्ग स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सड़क की हालत खस्ता होने के कारण आएदिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का जल्द से जल्द निर्माण होना बेहद आवश्यक है। जनहित को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का जल्द से जल्द निर्माण होना बेहद आवश्यक है। विधायक ओम कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी। उन्होंने सभासद पति को भरोसा दिलाया कि इस मार्ग के निर्माण का कार्य अत्यंत शीघ्र शुरू कराकर पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर रंजीत जोशी, रोहित सैनी, लोकेंद्र कुमार,नरेश जोशी, मनोज कुमार, कमल सैनी, सोनू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# दुर्घटना में वृद्ध की मौत

चांदपुर ( चिंगारी )। मोटरसाइकिल और स्कूटी की भिड़ंत में स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गये और उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाते समय उनकी मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम बिराल निवासी वेदपाल सिंह ( 65 वर्ष ) के पुत्र गौरव कुमार की ग्राम पीपलसाना में स्कूटी की एजेंसी है। सुबह के समय वेदपाल सिंह स्कूटी से एजेंसी से अपने गांव जा रहे थे। चांदपुर- नूरपुर रोड पर पीपलसाना के पास अज्ञात मोटरसाइकिल द्वारा स्कूटी में टक्कर मार दिये जाने से वेदपाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये। परिजन उनको उपचार के लिए चांदपुर स्थित निजी चिकित्सक के यहां लाये, जहां से उन्हें मुरादाबाद ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

# नगीना में रही योग कार्यक्रमों की धूम



योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास करते पालिका कर्मचारी।



योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास करते भाजपा कार्यकर्ता व नगरवासी।

**नगीना ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नगर में अलग-अलग स्थानों, विभिन्न प्रतिष्ठानों, स्कूल कालेजों व सरकारी कार्यालयों में योग दिवस मनाया गया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार के निर्देशन में पालिका कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस मौके पर सफाई व स्वास्थ्य निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक इकतेदार आलम जैदी, मुनीर अहमद, नरेश कुमार, मोहम्मद तलत, मोहम्मद असलम, रोहित कुमार, संदीप बाल्मीकि आदि मौजूद रहे। उधर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व योग दिवस के अवसर पर विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, मुख्य वक्ता संजय वर्मा, दिनेश कुमार थापन, डॉ. संदीप शर्मा, प्रमोद चौहान, भाजपा नेता रोहित रवि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने योग के महत्व को समझाया। योगाभ्यास कार्यक्रम में अनिल शर्मा, सभासद बृजमोहन बिश्नोई, सोहन सैनी, चंद्रशेखर पाल, अरुण शर्मा, नितिन पाल, सुधीर कुमार, नंदलाल, सौरभ मित्तल, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# आप्रेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

चांदपुर ( चिंगारी )। पथरी के आप्रेशन के लिए आई एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। ग्राम तालमपुर निवासी छोटी ( 40 वर्ष ) पत्नी छोटे के पथरी थी। परिजन छोटी को नगर में स्थित एक अस्पताल लाये थे। रविवार को चिकित्सक ने आप्रेशन कर पथरी निकाल दी थी। सोमवार को छोटी की मौत हो गई। बताया जाता है कि चिकित्सक ने छोटी के शव को एम्बुलेंस द्वारा उसके घर भेज दिया। बाद में परिजन छोटी का शव लेकर अस्पताल आए तथा चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया।

# बालाजी धाम का स्थापना दिवस मनाया



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** बालाजी धाम हीमपुर दीपा का 15 वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें गांव तथा दूरदराज क्षेत्रों से आए बालाजी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व प्रात: कालीन सत्र में सुंदरकांड और हवन पूजन आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। संध्याकालीन सत्र में छप्पन भोग व आरती के बाद प्रसाद वितरण कराया गया। भंडारे की सेवा में बालाजी धाम के पुजारी पं. कमलेश शर्मा, पं. पवन कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, हितेश कुमार गुप्ता, मा. शौपाल सिंह, सेठ भागमल बंसल आदि शामिल रहे।

# डीआई उमेश भारती को भावभीनी विदाई दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन, बिजनौर द्वारा औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती के बिजनौर से मुरादाबाद स्थानांतरण के अवसर पर एक भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारती का बिजनौर में कार्यकाल अत्यंत सराहनीय, पारदर्शी एवं प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने सदैव फार्मासिस्ट समाज के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनके साथ सकारात्मक संवाद एवं सहयोग बनाए रखा। उनके योगदान को फार्मासिस्ट समाज सदैव स्मरण रखेगा। समारोह में डॉ. अंकित कुमार सैनी (प्रधानाचार्य, कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी), डॉ. नवनेश कोठारी, तुषार वशिष्ठ (प्रदेश अध्यक्ष), ओमेंद्र त्यागी (प्रदेश संगठन मंत्री), अरुण कुमार (प्रदेश उपाध्यक्ष), अमित प्रताप सिंह (प्रदेश महासचिव), अमित पाल (मंडल अध्यक्ष,



मुरादाबाद), रोहित चौधरी (जिलाध्यक्ष, बिजनौर), अजीम बादशाह (प्रदेश उपाध्यक्ष, स्टूडेंट विंग), मोहम्मद शुऐब (जिलाध्यक्ष, स्टूडेंट विंग), डॉ. योगेश पाल (प्रदेश कोषाध्यक्ष), मोहम्मद अजीम (तहसील अध्यक्ष, बिजनौर), डॉ. मोहित कुमार (जिला उपाध्यक्ष), नीरज सैनी (जिला उपाध्यक्ष), पुनीत कुमार (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), देवेश कुमार (तहसील अध्यक्ष, नजीबाबाद), मोहम्मद सुहैल (जिला सचिव) सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# घंटो पार्क के पास अचेत स्थिति में पड़ा रहा बुजुर्ग

स्योहारा ( चिंगारी )। मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाले दृश्य को जिसने देखा, उसकी रूह कांप गयी। सीएचसी स्योहारा में एक बुजुर्ग अचेत स्थिति में मुख्य भवन के सामने पार्क के पास पड़ा रहा। किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। प्रत्यक्षदर्शी रोगियों ने बताया कि ये बुजुर्ग सुबह 7 बजे से ही पड़ा हुआ है, किसी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। 'चिंगारी' संवाददाता ने यह दृश्य देख सीएचसी प्रभारी को फोन कर सूचना दी, जिसके बाद हड़कंप मच गया और आनन-फानन मे बुजुर्ग को सीएचसी के अंदर लेकर उपचार शुरू किया गया। ये स्थिति सीएचसी में तैनात चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की मानसिकता को दर्शाती है। जब तक कोई सूचना न दे तब तक मरते हुए व्यक्ति का उपचार भी न करें। घटना की जांच होगी तो सही बात सामने आएगी।



सीएचसी प्रभारी वीके स्नेही ने बताया कि बुजुर्ग को कोई छोड़ गया था। उसे उपचार हेतु भर्ती कराया गया था, लेकिन बार-बार होश आने पर वह उठकर बाहर आ-जा रहा था। मानसिक रूप से भी ठीक नहीं है। हायर सेंटर रैफर करने की तैयारी की जा रही है। बुजुर्ग की जानकारी नहीं हो पा रही है कि वह कैसे यहां पहुंचा और कहां रहता है।

# पानी की बर्बादी करते पाया 500 रूपये का जुर्माना लगाया

धामपुर ( चिंगारी )। नगर में पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए पालिकाध्यक्ष चौ. रवि कुमार सिंह और ईओ रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर सोमवार को इंदिरा नगर में पानी बर्बाद करने पर एक महिला का 500 रुपए का चालान काटा गया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका की टीम ने इंदिरा नगर कॉलोनी की गली नंबर-2 के बाहर स्थित एक दुकान पर छापा मारा। टीम ने मौके पर पाया कि दुकान संचालक की एक महिला, सबमर्सिबल पंप चलाकर हाईवे की सड़क धो रही थी। नगर पालिका ने दुकान संचालक पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका ने एक माह पूर्व बोर्ड बैठक में पानी की बर्बादी को लेकर चिंता व्यक्त की थी। इसके बाद नियम बनाया गया कि सबमर्सिबल पंप या मोटर चलाकर पानी बहाने या मोटर खोलकर छोड़ने पर कार्रवाई होगी। पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह और ईओ रवि शंकर शुक्ला ने जनता से अपील की है कि जो लोग पानी बर्बाद करते दिखें, उनकी वीडियो बनाकर पालिका को भेजें। उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नगर में कई जगह पानी की कमी की शिकायतें आ रही हैं। पालिका का कहना है कि बर्बादी रोकी गई तो हर घर तक पर्याप्त पानी पहुंचेगा।

## आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार दो सगे भाई घायल

पैजनिया ( चिंगारी )। आज सुबह पैजनिया-खासपुरा मार्ग पर आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पैजनिया चौकी पुलिस ने दोनों घायलों को नूरपुर सीएचसी भिजवाया। जनपद अमरोहा के नौगांवा सादात निवासी सबीबुल हसन ( 22 वर्ष ) जुनैद ( 24 वर्ष ) पुत्रगण अनवार मोटरसाइकिल से सुबह करीब 6:00 बजे किसी काम से बिजनौर जा रहे थे। इस दौरान पैजनिया-खासपुरा के बीच आम के बाग के सामने आवारा पशु से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर जा गिरे और लहूलुहान हो गये।

## बाइक की टक्कर से नीचे गिरे तो डीसीएम ने कुचल दिया, एक की मौत

चांदपुर ( चिंगारी )। बीती रात चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर हुई दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्राम पाड्ला निवासी मौ. अयान (16 वर्ष) पुत्र दिलशाद अहमद व ग्राम अजदेव निवासी जीशान (20 वर्ष) पुत्र मोबीन अहमद मोटरसाइकिल से चांदपुर से अपने घर जा रहे थे। जलीलपुर में सामने से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो जाने पर मोटरसाइकिल सवार नीचे गिर गए, तभी पीछे से आ रही डीसीएम के कुचलने से अयान की मौत हो गई, जबकि जीशान गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार व डीसीएम चालक अपने वाहन मौके पर छोड़ कर भाग गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि गम्भीर रूप से घायल जीशान को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ लाया गया, जहां से उसे बिजनौर के लिए रैफर कर दिया गया।

## कालेज में हुआ भव्य योग कार्यक्रम

**हल्दौर ( चिंगारी )। राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।** कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: योग प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान की विभिन्न विधियों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग स्वस्थ जीवन का आधार है।



## शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से मुकर गया

### युवती ने पुलिस में तहरीर दी

नहटौर ( चिंगारी )। एक युवती ने नजीबाबाद के युवक पर शादी करने का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी शादी करने की बात से मुकर गया है और अब अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। नहटौर थाना क्षेत्र की एक युवती का कहना है कि उसका नजीबाबाद क्षेत्र के एक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग था। युवक ने शादी करने का वादा करते हुए शारीरिक संबंध बनाए थे। जब उसके द्वारा शादी करने को कहा तो उसने पहले कह दिया और बाद में बहाने बनाने लगा। जब युवती ने युवक से शादी करने की बात पुन: की तो उसने गालियां देते हुए कहीं शिकायत करने पर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी। साथ ही उसने शादी से करने से भी इंकार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

## देव हो या दानव, सब भागवत कथा सुनकर पुण्य प्राप्त करते हैं - गोस्वामी

किरतपुर ( चिंगारी )। श्रीमद्भागवत कथा व्यास पीठ पर आसीन नंदन गोस्वामी ने कहा कि भागवत कथा कराने और सुनने का सौभाग्य बड़ी मुश्किल से मिलता है। मोहल्ला महाजनान स्थित राहुल अग्रवाल रावी पुत्र सुधीर अग्रवाल भट्टे वालों के निवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए महाराज नंदन गोस्वामी ने कहा कि भागवत कथा सुनने देव, दानव सभी आकर पुण्य प्राप्त करते है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने पर परम आनंद की प्राप्ति होती है। बताया कि जब कलयुग का आगमन हो रहा था तो राजा परीक्षित ने कलयुग को आने से रोक दिया था। तब कलयुग ने राजा परीक्षित से कहा कि मेरे कितने ही अवगुण हों लेकिन एक गुण है कि कलयुग केवल नाम आधारा। कलयुग में केवल प्रभु का नाम लेने से ही इतना फल मिलेगा जितना अन्य युगों में जप, तप और यज्ञ आदि करने से भी नहीं मिलता। कथा से पहले श्री देवा शंकर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जो कथा स्थल पर समाप्त हुई। कथा के मुख्य यजमान राहुल अग्रवाल रावी और उनकी पत्नी उर्वशी अग्रवाल रही। इस अवसर पर सुरेन्द्र अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अशोक गुप्ता उपस्थित रहे।

## 'सनातन धर्म की आस्था, तप व मोक्ष के प्रतीक हैं शिव के ज्योतिर्लिंग'

**धामपुर ( चिंगारी )। सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर आश्रम सत्संग भवन में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन शिवकथा व्यास महंत राधेश्याम व्यास ने भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए**

### श्री राम मंदिर आश्रम में शिव महा पुराण कथा

**द्वादश ज्योतिर्लिंगों के महत्व तथा रुद्राक्ष एवं विभूति ( भस्म ) के आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।**

उन्होंने कहा कि भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे सनातन धर्म की आस्था, तप और मोक्ष के प्रतीक हैं। उन्होंने रुद्राक्ष धारण करने और विभूति लगाने की महिमा बताते हुए कहा कि यह साधक के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मिक शांति और भगवान शिव की कृपा का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती राजेश्वरी देवी एवं वर्द्धराजन, लाल बहादुर साहनी, राजेंद्र सिंह एवं श्रीमती निर्मला देवी, जवाहर लाल एवं श्रीमती सावित्री देवी, कुंजलाल कुंद्रा, आनंद मेहरा एवं श्रीमती दीपा मेहरा सहित उनके परिवारों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन को सफल बनाने में अशोक कुमार अग्रवाल (विमको वाले), चौधरी मगन सिंह, सौरभ अग्रवाल, श्रीमती सर्वेश राजपूत, अंशुल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अरुण अग्रवाल (वालसन वाले), सुनील अग्रवाल (पचरंगी), पंडित कुलदीप शर्मा, मूलचंद, प्रमोद मिश्रा, अशोक कुमार, पंडित गौरव भारद्वाज, वीरेंद्र पुष्पक, रेणुका चौहान, बाला देवी शर्मा, चंचल शर्मा, विशाखा शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।



# लखनऊ : मौत का कॉम्प्लेक्स !

## एक रास्ता, ऊपर AC-एग्जॉस्ट और इलेक्ट्रिक पैनल...

## सुरक्षा नियमों की अनदेखी ने ली 15 जानें






**लखनऊ ( चिंगारी )।** लखनऊ के अलीगंज इलाके के जिस कॉम्प्लेक्स में आग लगी, वहां नियम कायदे और सुरक्षा के मानकों की धज्जियां उड़ा दी गईं थीं। तीन मंजिला इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट भी बनाया गया था। एंट्री एग्जिट के लिए सिर्फ एक छोटा सा रास्ता था और इस रास्ते के ऊपर 7 पैनल, 2 एग्जॉस्ट फैन, इलेक्ट्रिक कंट्रोल पैनल, लगाकर रास्ते को और छोटा कर दिया गया था। बिना किसी इमरजेंसी गेट के तैयार हुए इस रिहायशी इलाके के कमर्शियल कॉम्पलेक्स में आग लगी तो दूसरी मंजिल पर फंसे 15 लोगों की जान चली गई। अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। 4 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आईएएस अमृत अभिजात और आईपीएस प्रवीण कुमार की एसआईटी गठित है।

### आखिर 15 मौतों का जिम्मेदार कौन ?

एलडीए (लखनऊ डेवलपमेंट अथॉरिटी), बिजली विभाग और फायर के कुल चार अधिकारियों को सस्पेंड किया जा चुका है। साथ ही मामले में अन्य कार्रवाई भी जारी है। लेकिन रेजिडेंशियल नक्शा पास करवा कर बनाए गए इस कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में लगी आग में 15 लोगों की जान चली गई, उसके लिए जिम्मेदार कौन है? घटना के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन, नगर निगम, फायर डिपार्टमेंट पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

इधर लखनऊ अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को राज्य सरकार ने राहत राशि प्रदान की है। सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता दी गई है। विधायक नीरज बोरा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और पीड़ित परिवारों को यह आर्थिक सहायता सौंपी। सरकार का कहना है कि यह राशि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से दी जा रही है।

साथ ही सरकार ने हादसे से प्रभावित सभी परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है। घायलों के बेहतर उपचार और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### एलडीए ने जांच की तेज

**लखनऊ अग्निकांड मामले में एलडीए ने भी जांच तेज कर दी है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। ज्ञानेंद्र वर्मा के नेतृत्व में गठित इस टीम में के।के। गौतम, मानवेंद्र सिंह, मनोज सागर और रविनंदन सिंह को शामिल किया गया है। टीम घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में एलडीए के एई और जेई को निलंबित कर दिया गया है। प्रशासनिक स्तर पर जिम्मेदारी तय करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है।**

## नकली हिंदुओं से असली हिंदुओं को खतरा- शंकराचार्य




**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर नगर में पहुंचने पर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का भव्य स्वागत किया गया। शंकराचार्य ने कहा कि असली हिंदुओं को नकली हिंदुओं से सावधान रहने की जरूरत है। नकली हिंदू देश और समाज को बांटने का काम कर रहे हैं।

सपा नेत्री कमलेश भुईयार के नेतृत्व में हल्दौर रोड स्थित बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें एक ऐसी मां दी है, जो सबकी माता है, इसीलिए हम सब आपस में एक रिश्ते से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग मां को माँ तय नहीं कर पा रहे हैं। जो हमारी माँ को मां कह सके वह भाई है, जो नहीं कह रहा तो वह कसाई है। उन्होंने कहा कि दो तरह के हिंदू हो गए हैं। असली हिंदू और एक नकली हिंदू। असली हिंदुओं को नकली हिंदुओं से खतरा है और इनसे सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी गौ माता को माता घोषित करने का विरोध नहीं कर रही है लेकिन सत्ता में बैठे एक भी नेता यह मानने को स्वीकार नहीं है कि गाय हमारी राष्ट्रमाता है। इस अवसर पर कमलेश भुइयार, पूर्व सांसद इंजी. यशवीर सिंह धोबी, योगेंद्र सिंह, रविन्द्र कुमार, मा. विजयपाल सिंह, कैलाश लाम्बा, विपिन, उदित चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के मंत्री जॉर्ज कुरियन ने दिया इस्तीफा

**मोदी सरकार में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. उनका राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया है, जिसके चलते उन्होंने मंत्रिपरिषद छोड़ दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुरियन का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। बीजेपी ने हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में जॉर्ज कुरियन को फिर से मौका नहीं दिया। यही वजह है कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है।**

## सपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए बनाई गई रणनीति

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के एमएलसी के 11 प्रत्याशियों के चुनावी रणनीति के संबंध में लखनऊ में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में नजीबाबाद से संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, अबरार मलिक, सत्यपाल सिंह आदि ने भाग लिया। मीटिंग में सपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए रणनीति तैयार की गई। मीटिंग के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव, बरेली मुरादाबाद खण्ड के शिक्षक प्रत्याशी दानिश अख्तर मौजूद रहे।



## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शौकत अली द्वारा संस्था जामा नूरी मुहम्मदी मस्जिद कब्रिस्तान समिति, ग्राम अब्दुल फजलपुर तबेला, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर का सदर दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. शौकत अली–सदर, 2. हैदर अली नायब सदर, 3. शमशाद प्रबन्धक, 4. लियाकत–कोषाध्यक्ष, 5 मौ0 इकबाल–नायब प्रबन्धक, 6. अब्दुल समी. मौ0 इश्तियाक, 8. मौ0 अबरार, 9. ताहिर, 10. उस्मान अहमद, 11. अकरम, 12. नुसरत अली, 13. रिसालुद्दीन, 14. मौ. अली, 15. तस्लीम सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
( आनन्द विक्रम सिंह )
सहायक निबन्धक

# कलश यात्रा व भजन संध्या के साथ, चाई महोत्सव की हुई शुरूआत

## देव पूजन भी किया गया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पहाड़ की सांस्कृतिक धरोहर त्रिदिवसीय 'चाई ग्रामोत्सव 2026' का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। समारोह की शुरुआत देव पूजन, कलश यात्रा व ग्राम दर्शन से हुई। इस दौरान ढोल-दमौ, मशकबीन की थाप पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक नृत्यों से समां बांध दिया। शाम को भजन संध्या में धर्मेंद्र रावत प्रस्तुतियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

विकास खंड जयहरीखाल के ग्राम चाई में आयोजित त्रिदिवसीय सत्रहवें 'चाई ग्रामोत्सव' का मुख्य अतिथि नगर पंचायत सतपुली के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्राम चाई ने




ग्रामोत्सव के माध्यम से पहाड़ की समृद्ध ग्राम्य संस्कृति को बचाने की जो मुहिम छेड़ी है, वह सभी के लिए अनुकरणीय है। इसी का परिणाम है कि अब अन्य पर्वतीय गांवों में भी ग्रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 'चाई ग्रामोत्सव' के कारण पूरे उत्तराखंड राज्य में विकास खंड जयहरीखाल की विशिष्ट पहचान बनी है, यह हम सबके लिए गर्व का विषय है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जगदंबा डंगवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में जब पलायन की विभीषिका से पूरा पर्वतीय क्षेत्र प्रभावित है, तब प्रवासी समाज का अपने मूल गांव में लौटकर संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लेना विकास की नई संभावनाएं जगाता है। उन्होंने कहा कि चाई के निवासियों ने पूरे पर्वतीय समाज को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है।

समारोह में महासचिव संगीत बुडाकोटी ने चाई ग्रामोत्सव पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति की ओर से मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जगमोहन बुडाकोटी एवं संचालन डा. पद्मेश बुडाकोटी ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अशोक बुडाकोटी, बीडीसी सदस्य मीनाक्षी बुडाकोटी, दीपक बुडाकोटी, सच्चिदानंद बुडाकोटी, संतोष बुडाकोटी, विकास बुडाकोटी, सागर बुडाकोटी, अमन बुडाकोटी, कुलदीप बुडाकोटी, शशांक बुडाकोटी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रात: चाई में ग्रामवासियों की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई एवं सभी ग्राम देवताओं का पूजन किया गया। उत्सव में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी शरीक हुए।

ग्रामोत्सव के पहले दिन चाई में पूरे दिन लोक कलाओं की अनुपम छटा देखने को मिली। शाम को आयोजित भजन संध्या में धर्मेंद्र रावत ग्रुप ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान ग्रामवासियों की प्रस्तुतियों को भी खूब सराहा गया।

## हर घर जल पहुंचाने के लिए सड़कें तो खुदवाईं लेकिन अभी तक उनकी मरम्मत नहीं कराई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में सरकारी तंत्र की लापरवाही से विभिन्न वार्डो में उखड़ी सड़कों की मरम्मत अभी तक नहीं हो पाई है। हर घर में 24 घंटे जल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाने के उद्देश्य से खोदी गई सड़कों की अब तक मरम्मत नहीं हुई है। करोड़ों रुपये के बजट की स्वीकृति मिलने के बाद भी सरकारी तंत्र इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। यदि समय पर ध्यान नहीं दिया गया तो वर्षाकाल में राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

बताते चलें कि निगम के विभिन्न वार्डो में पेयजल लाइन बिछाने के लिए करीब 350 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। उत्तराखंड अर्बन सेंटर डेवलपमेंट एजेंसी ने एक वर्ष पूर्व कार्य प्रारंभ किया। पेयजल लाइन बिछाने के लिए वार्डो की सड़कों के साथ ही मुख्य सड़कों को भी खोदा गया और लाइन बिछने के बाद केवल मिट्टी डालकर यातायात शुरू करवा दिया गया। संबंधित कार्यदायी संस्था ने जिन वार्डो में सड़कों की मरम्मत करवाई भी, वहां गुणवत्ता खराब है। इन सड़कों में पानी की निकासी के लिए नाली तक में नहीं बनाई गई है। हल्की वर्षा होते ही सड़कें पानी से भर रही हैं। देवी रोड को ब्रहमपुरी-बालासौड़ से जोड़ने वाला मार्ग व मानपुर-हनुमान मंदिर-घराट चौराहा व बीईएल रोड सहित कई अन्य स्थानों पर सड़कों की स्थिति खराब है, जिसे सुधारा जाना आवश्यक है। आम जन का कहना था कि पूर्व में उनके वार्ड में पानी की निकासी की व्यवस्था थी, सड़क खोदने के बाद इसमें केवल सीमेंट भर दिया गया है, जिससे पानी की निकासी भी बंद हो गई।

### महापौर का कहना है

इस संबंध में निगम महापौर शैलेंद्र सिंह रावत का कहना था कि संबंधित कार्यदायी संस्था को व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गणित विषय की बारीकियों को प्रभावी ढंग से समझाने तथा पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वाध्याय व सेल्फ रीडिंग की रुचि विकसित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय शिक्षक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आरंभ हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य नितिन भाटिया ने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, नवाचारों तथा प्रभावी कक्षा शिक्षण की तकनीकों से परिचित कराते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त होता है। उन्होंने डीएवी प्रबंध समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम आयोजन का दायित्व कोटद्वार डीएवी को मिलना विद्यालय के लिए सम्मान का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम प्रतिभागी शिक्षकों के ज्ञान कौशल एवं शिक्षण दक्षता को नई दिशा प्रदान करेगा तथा विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। बताया कि तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोटद्वार, हरिद्वार, देहरादून, रुद्रपुर, काशीपुर, बाजपुर एवं हल्द्वानी स्थित डीएवी विद्यालयों के 36 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

# रोटरी क्लब के स्वर्ण जयंती समारोह का हुआ समापन

### ✦50 वर्षो का सफरनामा किया पेश ✦स्मारिका का किया गया विमोचन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब के तत्वाधान में आयोजित स्वर्ण जयन्ती समारोह सम्पन्न हुआ। इसमे 50 वर्षो का सफरनामा प्रस्तुत किया गया तथा स्मारिका का विमोचन किया गया। बलभद्रपुर स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रो. सीए नितिन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा कार्य करना समाज को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज की समस्याओं का निवारण करना है। समाज को जोड़कर रखना है। रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने अतिथिओं का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी क्लब कोटद्वार के 50 वर्ष पूरे होने पर हमें गर्व है। मुझे विश्वास है कि क्लब द्वारा इन 50 वर्षो में किये गये सेवा कार्यों का जनता को अवश्य लाभ मिला तथा यह सेवा कार्य भविष्य मे चलते रहेंगे।




इस अवसर पर विधायक दलीप रावत, नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत, पूर्व मण्डलाध्यक्ष मनीष शारदा व अशोक गुप्ता, रीजनल कॉर्डिनेटर अनीत चावला, कार्यक्रम संयोजक वाईपी गिलरा, कमल गुप्ता विपिन बक्शी, अनिल भोला, विजय कुमार माहेश्वरी, शरत चन्द गुप्ता, डॉ. विजय मैठानी, दिनेश रस्तौगी, अवधेश अग्रवाल, सचिव विजय कुमार, राजेश गुप्ता, गोपाल बंसल ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन वाईपी गिलरा व कमल गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर क्लब स्मारिका का विमोचन किया गया। स्मारिका के सम्पादक कमल गुप्ता थे। इससे पूर्व गणेश वन्दना, इनरव्हील क्लब की सदस्याओं ने वन्देमातरम व स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा लोकनृत्य व गढ़वाली गीत की मनमोहक प्रस्तुति पेश गयी तथा क्लब के 50 वर्षो के अध्यक्ष व सचिव को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ग्रुप स्टडीज एक्सचेन्ज के तहत रोटरी क्लब कोटद्वार द्वारा विदेशो मे भेजे गये 17 प्रतिभागियों का एवं चार्टर सदस्य विजय कुमार माहेश्वरी व दिनेश रस्तोगी व पूर्व सक्रिय सदस्यों का के साथ मण्डल से आये पूर्व मण्डलाध्यक्ष व अन्य सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। अन्त मे केक काटा गया व सचिव विजय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## समारोह से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब द्वारा स्वर्ण जयन्ती समारोह आयोजन से पूर्व एम्स ऋषिकेश व आधार शिला रक्त समूह के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 82 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। समारोह स्थल पर आयोजित उक्त रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने किया। इस अवसर उन्होने कहा कि रक्तदान महादान है। आपका रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात एम्स ऋषिकेश के डाः रोहन और उनकी टीम ने रक्त एकत्रित करवाने में सहायता की।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

**वधू चाहिए**

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150

# मेसी बने विश्व कप इतिहास के टॉप स्कोरर



**डलास (एजेंसी/चिंगारी)।** क्लब और देश के लिए 750 से ज्यादा सीनियर गोल करने वाले अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी फुटबॉल विश्व कप इतिहास के शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। मेसी फीफा वर्ल्ड कप के मंच पर 28 मैचों में 17 गोल के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज (24 मैचों में 16 गोल) को पीछे छोड़ा है। अर्जेंटीना के लिए ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहला हाफ ऐतिहासिक रहा। शुरुआत में घबराहट के कारण लियोनेल मेसी ने एक पेनल्टी मिस की और एक और मौका गंवा दिया, लेकिन अर्जेंटीना के कप्तान ने शानदार वापसी करते हुए मिरोस्लाव क्लोज़ का वर्ल्ड कप में सबसे ज़्यादा गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मेसी के इस यादगार गोल ने मौजूदा चैंपियन को हाफ-टाइम तक 1-0 की बढ़त दिलाई। मेसी ने अल्जीरिया के खिलाफ़ अर्जेंटीना की पिछले हफ़्ते 3-0 से जीत में हैट्रिक दागी थी। मेसी फुटबॉल वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना के लिए सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं। इनमें से सात गोल कतर में हुए 2022 फीफा वर्ल्ड कप में किए गए थे, जिसे अर्जेंटीना ने जीता था। लियोनेल मेसी ने अपने करियर में 201 इंटरनेशनल मैचों में 121 गोल किए हैं, जिससे वे अर्जेंटीना के लिए अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इंटरनेशनल फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वालों की लिस्ट में भी मेसी दूसरे नंबर पर हैं, उनसे आगे सिर्फ उनके प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। मेसी से पहले, गैब्रिएल बतिस्तुता (12 मैचों में 10 गोल) फीफा वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना के सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे। डिएगो माराडोना (21 मैच) और उरुग्वे 1930 के गोल्डन बूट विजेता गुइलेर्मो स्टैबिले (चार मैच) ने आठ-आठ गोल किए हैं।

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
*We Are Hiring*
ENGLISH CONVERSATION
HINDI PGT
PRT
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED)
बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है
*Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred*
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231
डीलर- राघव ऑटोमोबाइल्स, नहटौर
मो. 6395545475 (प्रशांत कुमार)

**DISTANCE AND ONLINE COURSES**
➤MBA ➤MCA ➤M LIB
➤MA (JMC) ➤M.Sc
➤BBA ➤BCA ➤B LIB
➤BA (JMC) ➤B.Sc
**ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION**
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर